तापमान

अधिकतम 34.0 डिग्री
न्यूनतम 25.0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, शुक्रवार, 6 जून 2025



10 सिंचाई विभाग ने जिले में 308 किमी की 47 ड्रेनों पर....



10 तय समयसीमा में शिकायतें निपटाने के निर्देश




## खबर संक्षेप

### अज्ञात बाइक सवारों ने हमला कर किया घायल

**जींद।** गांव जुलानी के निकट बाइक सवार युवकों ने एक बाइक सवार पर हमला कर दिया। सदर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात आधा दर्जन युवकों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव जुलानी निवासी अमित ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपने दोस्त के साथ बाइक पर सवार होकर घर जा रहा था।

### आत्महत्या के लिए मजबूर करने का आरोपी गिरफ्तार

**कैथल।** गांव दुब्बल में महिला द्वारा आत्महत्या करने के मामले की जांच थाना कलायत पुलिस के एएसआई कुलदीप सिंह की टीम द्वारा करते आरोपी गांव निवासी रामकेश को काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि जिला जींद के कालवन निवासी विजेंद्र की शिकायत अनुसार उन्होंने बहन मनु की शादी 15 वर्ष पूर्व गांव दुब्बल के राकेश के साथ की थी।

### कंपनी के ब्रांच मैनेजर पर धोखाधड़ी का केस

**जींद।** नरवाना में फाइनेंस कंपनी का ब्रांच मैनेजर लगभग चार लाख की राशि का गोलमाल कर फरार हो गया। राशि उपभोक्ताओं से रिकवर की गई लोन किश्त थी। शहर थाना पुलिस ने फाइनेंस कंपनी के यूनिट मैनेजर की शिकायत पर ब्रांच मैनेजर के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है। फाइनेंस कंपनी के यूनिट मैनेजर यूपी निवासी रवि ने पुलिस को शिकायत दी है।

### टॉवर लगवाने के नाम पर धोखाधड़ी के आरोपी दबोचे

**कैथल।** जिला पुलिस एसपी आस्था मोदी के आदेशानुसार साइबर ठगो पर लगातार कार्रवाई भी की जा रही रही है। ऐसे ही मोबाइल टॉवर लगवाने के नाम पर धोखाधड़ी के केस की जांच थाना साइबर क्राइम पुलिस के एएसआई जसबीर सिंह की टीम द्वारा करते आरोपी न्यू मोडल टाउन हिसार निवासी अशोक तथा हांसी निवासी आकाश को गिरफ्तार कर लिया।

### बंदी पर हमला करने पर ग्यारह हवालाती नामजद

**जींद।** जिला कारागार में हमला कर हत्या के मामले में बंद हवालाती पर हमला कर घायल करने पर सिविल लाइन थाना पुलिस ने 11 बंदियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। हालात यहां तक रहे कि घायल बंदी को हमलावरों से छुडवाने के लिए जेल प्रशासन को हलका बल प्रयोग करने पडा। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### प्रताड़ना के आरोप में पति सहित 5 पर केस

**कैथल।** तितरम पुलिस ने एक विवाहिता की शिकायत पर दहेज प्रताड़ना तथा गर्भपात करवाने का मामला दर्ज किया है। एक महिला ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया था कि उसकी शादी कुछ समय पूर्व गांव प्योदा के दीपक के साथ रिती रिवाज अनुसार हुई थी। शादी के समय दिए गए दहेज से वर पक्ष के लोग संतुष्ट नहीं थे तथा और अधिक दहेज की मांग को लेकर उसे प्रताड़ित करते थे।

### महिला संदिग्ध हालात में लापता, शिकायत दर्ज

**जींद।** गांव सिंध्वीखेड़ा से महिला के संदिग्ध हालात में गायब होने पर सदर थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव सिंध्वीखेड़ा निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत 21 मई को उसकी पत्नी घर से गायब हो गई। तलाशने पर कोई सुराग नही लगा।

### सड़क हादसे में एक व्यक्ति घायल, केस

**कैथल।** कैथल के चीका रोड पर सड़क हादसे में एक व्यक्ति घायल हो गया। गांव खानपुर के सुबे सिंह ने शहर पुलिस को दी शिकायत में बताएं कि 3 जून को जब वह गांव के चीका रोड से जा रहा था तो अज्ञात वाहन चालक ने उसकी साइकिल को टक्कर मारकर घायल कर दिया।

# प्रोसिडिंग रजिस्टर पर नगरपालिका वाइस चेयरमैन समेत आठ पार्षदों का हस्ताक्षर करने से इनकार, बैठक स्थगित

*जुलाना नगरपालिका कार्यालय में पार्षदों की दूसरी हाउस बैठक का आयोजन*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुलाना

जुलाना की नगरपालिका कार्यालय में पार्षदों की दूसरी हाउस बैठक आयोजित हुई। यह बैठक चेयरमैन डा. संजय जांगड़ा की अध्यक्षता में हुई। प्रोसिडिंग रजिस्टर पर नगरपालिका के वाइस चेयरमैन समेत आठ पार्षदों ने हस्ताक्षर करने से साफ मना कर दिया था। जिस कारण बैठक का स्थागित कर दिया। नगर पालिका के वाइस चेयरमैन पवन सैनी ने बताया कि वीरवार को नगर पालिका कार्यालय में दूसरी हाउस मिटिंग का आयोजन हुआ था। इसमें नपा के सभी 14 पार्षद मौजूद थे। नपा चेयरमैन डा. संजय जागड़ा और सचिव पूजा साहू की उपस्थिति में हाउस मीटिंग को शुरू किया गया था।

**बैठक विडियो केवरेज के तहत हो**

यहां पर कार्रवाई रजिस्टर को हाजिरी रजिस्टर बता कर उस पर सभी पार्षदों के हस्ताक्षर करवाएं जा रहे थे। जिसका नगर पालिका के वाइस चेयरमैन पवन सैनी समेत आठ पार्षद सुजाता, ज्योति, पूजा, सोनम, राजू कश्यप, सुमित, मोनू नागर ने विरोध किया हैं। वाइस चेयरमैन पवन सैनी ने बताया कि पहले कुछ भी हुआ हो लेकिन हाउस मीटिंग में हाजिरी रजिस्टर और कार्रवाई रजिस्टर दोनों अलग-अलग होने चाहिए। इसके अलावा इस प्रकार की बैठक विडियो केवरेज के तहत हो ताकि पूरी निष्पक्षता से बैठक सम्पन्न हो सके और प्रस्ताव पारित किए जा सके।

**बैठक में कोई प्रस्ताव पास नहीं:** नगर पालिका सचिव पूजा साहू ने बताया कि जुलाना में हाउस मीटिंग की दूसरी बैठक हुई थी। इस बैठक में हाजिरी के लिए प्रोसिडिंग रजिस्टर पर हस्ताक्षर करने होते हैं, उसी के हिसाब से बैठक में हाजिर होने वाले पार्षदों का पता चलता हैं लेकिन वाइस चेयरमैन समेत 8 पार्षदों ने हस्ताक्षर करने से मना कर दिया गया था। जिस कारण बैठक में कोई भी प्रस्ताव पास नहीं हुआ हैं और बैठक स्थागित कर दिया गया था।



जुलाना। नगरपालिका में बैठक में मौजूद पार्षद। फोटो :हरिभूमि

**बैठक अव्यवस्था के चलते स्थागित:** नगर पालिका अध्यक्ष डा. संजय ने बताया कि नगरपालिका में हाउस मिटिंग की बैठक हुई थी। इस बैठक में छह पार्षदों ने हस्ताक्षर करके हाजिरी लगाई थी लेकिन 8 पार्षदों ने प्रोसिडिंग रजिस्टर पर हस्ताक्षर करने से मना कर दिया गया था। बैठक में अव्यवस्था के चलते स्थागित कर दिया गया था।

### पूंडरी: नपा वाइस चेयरमैन का चुनाव स्थगित

पूंडरी। नपा में चेयरपर्सन चुनाव के बाद अब वाइस चेयरमैन पद को लेकर नगर राजनीति फिर से गर्मा गई है। पहली बार प्रस्तावित इस पद के लिए 4 जून को विशेष बैठक में चुनाव होना था, लेकिन चुनाव से ठीक पहले एसडीएम कार्यालय से आए आदेश के तहत ये चुनाव स्थगित कर दिया गया। प्रशासन द्वारा जारी पत्र क्रमांक 1363 दिनांक 03.06.2025 और पूर्व में जारी 1347 दिनांक 30.05.2025 में स्पष्ट रूप से बताया गया कि चुनाव की तिथि प्रशासनिक कारणों के चलते अगली सूचना तक स्थगित की जा रही है। यह पत्र उपमंडल अधिकारी (ना.), कैथल द्वारा सभी संबंधितों को भेजे गए। इस स्थगन के पीछे प्रशासनिक कारणों का हवाला दिया गया है, लेकिन राजनीतिक गलियारों में इसे लेकर कई तरह की अटकलें लगाई जा रही हैं। पार्षदों और संभावित दावेदारों में असमंजस की स्थिति है और यह सवाल उठ रहा है कि यह चुनाव आखिर कब तक टलता रहेगा।

## सीएम फ्लाइंग ने किया औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान का औचक निरीक्षण

# वॉशरूम में पानी नही, छत से टपक रहा जल, पांच कर्मी मिले गैर हाजिर

*टायलेट से दरवाजे गायब, बिल्डिंग में खिड़कियों अन्य स्थानों पर टूटे मिले शीशे*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

सीएम फ्लाइंग ने वीरवार को राजकिय ब्वायज तथा महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान का औचक निरीक्षण किया। जिसमें दो अनुदेशकों समेत पांच कर्मचारी गैर हाजिर पाए गए। औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में बिल्डिंग का रखरखाव सही नही पाया गया। सफाई व्यवस्था भी दुरुस्त नही था। टायलेट साफ नही थे तो उनके दरवाजे भी मिले। सीएम फ्लाइंग ने औचक निरीक्षण के दौरान मिली खामियों की विस्तृत रिपोर्ट बना कर मुख्यालय को भेज दी है। आगामी कार्रवाई औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग द्वारा अमल में लाई जाएगी।

सीएम फ्लाइंग को सूचना मिली थी कि पटियाला चौक के निकट राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में स्टाफ समय पर नही पहुंच रहा है। अव्यवस्था भी फैली रहती है। सीएम फ्लाइंग के डीएसपी पवन कुमार ने स्टाफ के साथ टीम का नेतृत्व किया। टीम में डाइट ईक्कस की प्राचार्या विजय लक्ष्मी भी शामिल हुई। टीम ने लगभग 12 बजे औद्योगिक प्रशिक्षण सस्थान में दस्तक दी और ब्वायज तथा महिला औद्योगिक प्रशिक्षण सस्थानों के हाजरी रजिस्टर को कब्जे में ले लिया। महिला औद्योगिक प्रशिक्षण सस्थान में 30 कर्मियों में से दो कर्मी गैरहाजिर मिले। जिसमे एक डिप्टी सुपरिंडेंट तथा एक अनुदेशक शामिल है। ब्वायज औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में 109 कर्मियों में से तीन कर्मी गैर हाजिर पाए गए। जिसमें दो चतुर्थ श्रेणी कर्मी तथा एक डाटा एंट्री आपरेटर शामिल है। सीएम फ्लाइंग ने जब औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान इमारत का निरीक्षण किया तो रखरखाव सही नही मिला। छत तथा दीवारों में सीलन मिली तो टायलेट से दरवाजे गायब मिले। वॉशरूम तथा टायलेट में पानी का प्रबंध नही मिला। पानी की पाइप टूटी हुई मिली तो दीवारों से प्लस्तर उखड़ा हुआ था। खिड़कियों के अलावा इमारत में लगे शीशे टूटे हुए मिले। पानी रिसाव के कारण दीवारों में काई जमी मिली समेत अन्य खामियां औचक निरीक्षण के दौरान मिली। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में भी सफाई व्यवस्था का जनाजा निकला हुआ था। चतुर्थ श्रेणी कर्मियों की अच्छी खासी संख्या होने के बाद भी टायलेट, वाशरूम की कोई सफाई नही थी।



जींद। रिकार्ड को खंगालते सीएम फ्लाइंग के डीएसपी पवन। फोटो :हरिभूमि



जींद। रखरखाव ठीक न होने से बिल्डिंग का हाल। फोटो :हरिभूमि

**रिपोर्ट मुख्यालय भेजी**

सीएम फ्लाइंग के डीएसपी पवन कुमार ने बताया कि राजकिय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान को औचक निरीक्षण किया गया था। जिसमे पांच कर्मी गैर हाजिर पाए गए। इमारत रखरखाव तथा सफाई की तरफ कोई ध्यान नही दिया जा रहा है। निरीक्षण की विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर मुख्यालय को भेज दी गई है। आगामी कार्रवाई सबधित विभाग करेगा।



कक्षा रूम के साथ बनी खिड़कियों के नीचे कूड़ा पड़ा हुआ था। परिसर मे बने पार्को मे भी पालीथिन तथा खाद्य पदार्थो के रैपर पड़े हुए थे। कुछ स्थानों पर कूड़ा भी पड़ा देखा गया। जिससे साफ जाहिर था कि सफाई व्यवस्था की तरफ ज्यादा ध्यान नही दिया जा रहा।



बधाना गांव में मिट्टी भरत कार्य को जांचती इरीगेशन (सिंचाई विभाग) की टीम।

# एफआईआर के बाद सरपंच तथा एसडीओ आमने-सामने

- एसडीओ पर लगे आरोपों के मामले में डीसी के आदेशों के बाद जांच प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अलेवा

गांव बधाना के सरपंच राममेहर द्वारा अलेवा खंड के पंचायती राज एसडीओ राजेंद्र सिंह पर रिश्वत की 10 प्रतिशत राशि न देने पर व झूठे मुकदमें में फंसाने के आरोपों की जांच डीसी जींद ने एडीसी जींद विवेक आर्य को सौंपी है। हालांकि मामले को लेकर पंचायती राज एसडीओ की शिकायत पर सरपंच के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा व बदतमीजी समेत विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज हो चुका है। इसके अलावा धरातल पर धन्ना भगत चौक से लेकर महाराजा सूरजमल चौक तक फिरनी पर मिटटी भरत कार्य की जांच इरीगेशन (सिंचाई विभाग) के एक्सइएन सौरभ गर्ग ने ने शुरू कर दी है। इसके लिए इरीगेशन (सिंचाई विभाग) की टीम ने वीरवार को एक्सइएन सौरभ गर्ग के नेतृत्व में बधाना गांव में पंहुच कर मिट्टी भरत कार्य को जांचा। बधाना गांव के सरपंच राममेहर ने डीसी जींद को दी शिकायत में बताया था कि उसने पंचायती विभाग के निर्देशानुसार गांव में हर्बल पार्क व धन्ना भगत चौंक से लेकर महाराजा सूरजमल चौंक तक फिरनी पर मिटटी भरत का कार्य करवाया था। जिसके आधार पर जेई तथा एसडीओ ने एमबी भरी थी। जिसकी कुल लागत 24 लाख 73 हजार 683 रुपये के करीब थी, लेकिन कार्य पूरा होने के बाद एसडीओ के पास पहली एमबी पर हस्ताक्षर करवाने के लिए गया तो उसने करीब 11.49 लाख 602 रुपये की एमबी पर हस्ताक्षर कर दिए तथा 10 % कमीशन लेने की बात कही। जिससे उसके द्वारा मना कर दिया। लेकिन उसके बाद करीब 13.23 लाख 81 रुपये की एमबी पर हस्ताक्षर करने के लिए कहा तो उसने बाद में हस्ताक्षर करने की बात कही। जिससे मामले को लेकर बीडीपीओ अलेवा को भी अवगत करवाया था।

# 200 किलो डोडा पोस्त छोड़कर भागने वाला दूसरा आरोपी 7 दिन के रिमांड पर

- एक आरोपी पहले ही गिरफ्तार आठ दिन के पुलिस रिमांड पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

नशा तस्करों पर एसपी आस्था मोदी के निर्देशानुसार लगातार कैथल पुलिस द्वारा शिकंजा कसा जा रहा है। इसी कड़ी में एंटी व्हीकल स्टाफ प्रभारी एसआई प्रदीप कुमार की अगुवाई में एसआई शुभकरण, एसआई जयभगवान, एएसआई अशोक कुमार, एएसआई जसमेर सिंह, चालक संदीप व होमगार्ड विकास की टीम द्वारा फॉर्च्यूनर गाड़ी में 200 किलो 800 ग्राम डोडा पोस्त छोड़कर भागने के मामले में आरोपी गांव कर्मगढ जिला जींद निवासी दलेल उर्फ देला को संगरूर पंजाब से काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 14 नवंबर 2024 को एंटी व्हीकल स्टाफ पुलिस टीम द्वारा रात्रिकालीन गश्त दौरान एक गुप्त सूचना के आधार पर बढसिकरी बालु रोड पर वाहनों की निगरानी शुरू की गई। जहां कुछ समय बाद डीपर जलती एक गाड़ी आती दिखाई दी। पुलिस टीम द्वारा गाड़ी को रुकने का इशारा किया गया तो फॉर्च्यूनर गाड़ी में सवार चालक व उसका अन्य साथी गाड़ी को मौके पर छोड़कर धुंध व अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गए थे। जांच दौरान गाड़ी में लदे 10 प्लास्टिक कट्टो से 200 किलो 800 ग्राम डोडा पोस्त बरामद हुआ। जिस बारे थाना कलायत में मामला दर्ज करके आगामी जांच दौरान खुलासा हुआ था कि उक्त नशा तस्करी में आरोपी गांव मोहलखेड़ा निवासी गुरमेल सिंह तथा दलेल उपरोक्त शामिल थे जो मौका से फरार हो गए थे। आरोपी गुरमेल को एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ द्वारा गिरफ्तार करके 10 जून तक 8 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। आरोपी गुरमेल से पूछताछ उपरांत आरोपी दलेल को काबू किया गया।

# ढांड में पनप रही अवैध कॉलोनी को तोड़ा

*प्लाट लेने से पहले डीटीपी कार्यालय से कॉलोनी की वैधता व अवैधता जानें*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

जिला नगर योजनाकार रोहित चौहान ने बताया कि ढांड में दो एकड़ में पनप रही अवैध कालोनी में जिला प्रशासन के सहयोग से तोड़फोड़ की कार्रवाई की गई। इस कार्रवाई के दौरान जिला योजनाकार रोहित चौहान व मार्केट कमेटी ढांड के सचिव देवेंद्र मोर बतौर ड्यूटी मैजिस्ट्रेट तैनात रहे। डीटीपी कार्यालय का अमला पुलिस बल के साथ अवैध कालोनी में पहुंचा और नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई गई। उन्होंने बताया कि कार्यालय के संज्ञान में ढांड में दो एकड़ में अवैध रूप से पनप रही कालोनी का मामला आया था, जिसके उपरांत कार्यालय द्वारा भूस्वामियों को एचडीआर एक्ट 1975 की धाराओं के तहत नोटिस जारी करके निर्माण विकसित करने के लिए जरूरी अनुमति प्राप्त करने वाले आदेश दिए गए थे। परंतु भू-स्वामियों द्वारा न तो मौके पर बनाए जा रहे निर्माण को रोका गया और न ही विभाग से किसी प्रकार की अनुमति के लिए आवेदन किया गया था। जिसके बाद टीम द्वारा बाउंड्रीवाल, दुकान, डीपीसी रोड नेटवर्क और सीवरेज नेटवर्क को जेसीबी की मदद से तोड़ा गया। इस अवसर पर जिला नगर योजनाकार द्वारा आम लोगों को आगाह किया गया कि प्लाट लेने से पहले डीटीपी कार्यालय से कालोनी की वैधता व अवैधता के बारे जरूर पता कर लें और अवैध कालोनी में प्लाट न खरीदें। उन्होंने बताया कि शहर में अवैध निर्माण व अवैध कालोनियों को किसी भी सूरत में पनपने नहीं दिया जाएगा।



कैथल। अवैध कालोनियों को हटवाती जेसीबी। फोटो :हरिभूमि

### आईटीआई में एडमिशन प्रक्रिया आज से होगी शुरू

**जींद।** हरियाणा कौशल एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग द्वारा आईटीआई में दाखिला प्रक्रिया शुक्रवार से शुरू की जा रही है। छह से 20 जून तक विद्यार्थी आईटीआई में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। हालांकि विभाग ने अभी केवल आवेदन की तिथि जारी की है। मेरिट लिस्ट, सीट अलॉटमेंट सहित अन्य शेड्यूल छह जून को पोर्टल पर जारी किया जाएगा। ऐसे में आईटीआई में प्रवेश के लिए छह जून से आवेदन प्रक्रिया शुरू होगी। जिला जींद के तहत संचालित राजकीय आईटीआई संस्थानों में कुल 2928 सीटें स्वीकृत की गई हैं। इसी प्रकार जिले के विभिन्न निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में कुल 2556 सीटें स्वीकृत की गई हैं। इस प्रकार कुल 5484 सीटों पर नए अभ्यर्थियों को आईटीआई में दाखिले का अवसर प्राप्त होगा।

## जींद: शराब के 41 जोन के ठेकों की नीलामी से सरकार को 311 करोड़ का राजस्व प्राप्त

- जींद जिले के शराब के खुदरा ठेकों की हुई ई नीलामी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

उप आबकारी एवं कराधान आयुक्त (आबकारी) पुनीत शर्मा ने बताया कि अतिरिक्त उपायुक्त विवेक आर्य की अध्यक्षता में वर्ष 2025-27 की दो वर्षीय आबकारी नीति के तहत जिले के शराब के खुदरा ठेकों की ई-नीलामी करवाई गई। इस नीलामी में शेष रह गए 16 जोन में से 8 जोन के शराब के ठेकों की नीलामी प्रक्रिया को ऑनलाइन माध्यम से पूरा किया गया। अहम पहलू यह है कि 31 मई को जिले के 50 जोन के ठेकों की नीलामी में से 34 जोन की नीलामी की गई थी। जिससे सरकार को 261 करोड़ 34 लाख 18 हजार 257 रुपये लाइसेंस फीस के रूप में राजस्व प्राप्त हुआ था। डीईटीसी आबकारी पुनीत शर्मा ने कहा कि शेष बचे 16 जोन के ठेकों की नीलामी के लिए आनलाइन टेंडर आमंत्रित किए गए थे। इन टेंडरों को पांच जून को गठित समिति की उपस्थिति में खोला गया और इनमें से आठ जोन के ठेकों की नीलामी प्रक्रिया को ऑनलाइन माध्यम से पूरा किया गया है। अब तक जिला में कुल 50 जोन में से 42 जोन सफलतापूर्वक आवंटित किए गए हैं। इन आठ जोन के ठेकों के लिए विभाग को 57 करोड़ 66 लाख 90 हजार 906 रुपये का रिजर्व मूल्य के विरुद्ध 61 करोड़ 37 लाख 92 हजार 228 रुपये की लाइसेंस फीस प्राप्त हुई है।

# गुरुघर की जमीन को कब्जा मुक्त करवाने में सरकार करे मदद : करनैल सिंह निम्राबाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

गुरुद्वारा श्री गुरु तेग बहादुर साहिब में गुरुवार को हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी सदस्य सरदार करनैल सिंह निम्राबाद पहुंचे। उन्होंने गुरुद्वारा प्रबंधन एवं खुद काश्त की जा रही फसल के बारे में जानकारी हासिल की। सरदार करनैल सिंह निम्राबाद ने कहा कि गुरुद्वारा की लगभग 40 एकड़ जमीन पर कब्जा किया हुआ है। जिसे जल्द छुडवाने का प्रयास किया जाएगा। इस बारे में कमेटी को अवगत भी करवा दिया गया है। जिन लोगों ने इस जमीन पर कब्जा किया है, वो ठीक नही है। इस बारे में कई बार झगड़े भी हुए हैं, सुलह भी हुई है। जबकि जमीन गुरूघर की है। अब गुरुघर की जमीन पर कब्जे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नही किए जाएंगे। धीरे-धीरे गुरुघर की जमीन पर बस्ती बन रही है। यह गुरुघर की जमीन है। जिसे गुरूघर के प्रयोग में ही लाया जाएगा। उन्होंने बताया कि जींद में विश्वस्तरीय विश्वविद्यालय खोलने का निर्णय हरियाणा सिख गुरूद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के प्रधान द्वारा लिया गया है। इसको लेकर एक बार फिर से हरियाणा सिख गुरूद्वारा मैनेजमेंट कमेटी कमेटी की बैठक होनी है। विश्वविद्यालय बनाए जाने को लेकर इस बैठक में मंथन किया जाएगा। फिलहाल सबसे पहले यही प्रयास है कि जो गुरुघर के 40 एकड़ की जमीन है, उसे कब्जाधारियों से मुक्त करवाया जाए। इसे लेकर सरकार को भी आगे आए।

**हर हाल में कब्जे को छुडवाया जाएगा**

सरदार करनैल सिंह निम्राबाद ने कहा कि जींद की साध संगत ने जमीन को छुडवाने के लिए चिट्ठी भी भेजी है। वो साध संगत को विश्वास दिलाते हैं कि गुरूघर की जमीन पर कब्जा नही रहने दिया जाएगा। हर हाल में कब्जे को छुडवाया जाएगा।

### तीन पिस्तौल,सात जिंदा कारतूस के साथ दो काबू

**जींद।** सीआइए स्टाफ सफीदों पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से दो युवकों को काबू कर उनके कब्जे से तीन पिस्तौल सात जिंदा कारतूस तथा एक खोल बरामद किया है। सदर थाना सफीदों पुलिस ने दोनों आरोपितों के खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर पूछताछ शुरू कर दी है। सीआईए स्टाफ सफीदों कर्मी गांव सिल्लाखेड़ी से रोजला की तरफ जा रहे थे। उसी दौरान रास्ते में एक संदिग्ध युवक दिखाई दिया। जो पुलिस कर्मियों को देखकर भागने लगा। पुलिसकर्मियों ने पीछा कर उसे काबू कर लिया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से दो पिस्तौल, सात जिंदा कारतूस तथा एक खोल बरामद हुआ। पुलिस पूछताछ में पकड़े गए युवक की पहचान रामनगर निवासी सतपाल के रूप में हुई। वहीं सीआइए स्टाफ सफीदों ने गांव खेड़ा खेमावती के निकट गांव हाट निवासी सुमित उर्फ राहुल को काबू कर उसके कब्जे एक पिस्तौल बरामद कर उसके कब्जे से एक पिस्तौल बरामद किया है।

## खबर संक्षेप

### विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधे वितरित किए

**जींद।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी मोनिका की अध्यक्षता में विभिन्न स्थानों पर पौधारोपण एवं वितरण कार्यक्रम आयोजित किए गए। बताया कि विश्व पर्यावरण दिवस हर वर्ष 5 जून को पर्यावरण संरक्षण के प्रति वैश्विक जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से मनाया जाता है। यह दिन सभी आयु वर्ग के लोगों को प्रदूषण जलवायु परिवर्तन और वनों की कटाई जैसे पर्यावरणीय मुद्दों के प्रति सचेत करता है।

### सरल नहीं है विषय विकारों पर नियंत्रण

**जींद।** असमर्थ महिला कल्याण ट्रस्ट के संस्थापक रामनिवास अहिरका ने कहा कि भगवान विष्णु नारद को अभिमान होने पर पृथ्वी लोक पर लाए। विष्णु ने नारद को एक कुएं पर पानी लेने के लिए भेजा। नारद ने कुएं पर एक युवती से पानी मांगा और उससे शादी करने की इच्छा से उसके पीछे-पीछे उसके घर गए। लड़की के पिता ने नारद को पहचान लिया और अपने घर पर रहने की शर्त पर लड़की की शादी नारद से कर दी।

### योग प्रशिक्षण शिविर बालाजी पार्क में आज

**जींद।** जिला प्रशासन एवं आयुष विभाग हरियाणा के संयुक्त तत्वावधान में योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन छह जून को बाला जी पार्क रोहतक रोड जींद में किया जाएगा। यह प्रशिक्षण शिविर आगामी 21 जून को मनाए जाने वाले 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों के अंतर्गत आयोजित किया जा रहा है।

### दुकान का ताला तोड़कर सामान चुराया, केस दर्ज

**जींद।** जुलाना रेलवे स्टेशन के निकट बीती रात चोरों ने दुकान को ताला तोड़ कर सिलेंडर, नगदी व अन्य सामान को चोरी कर लिया। जुलाना थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। जुलाना निवासी रिंकू ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी रेलवे स्टेशन के निकट चाय की दुकान है। बीती रात चोरों ने दुकान का ताला तोड़ कर सिलेंडर, खाने का सामान गल्ले में रखी नगदी को चोरी कर लिया।

### आगरा में होगा एमएसएमई ओडोप बिजनेस समिट : डंग

**जींद।** राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन खुदरा व्यापारियों एवं एमएसएमई उद्योगों को विकसित करने एवं उनकी समस्याओं के निवारण हेतू अपने राष्ट्रव्यापी अभियान के तहत आगामी 14-15 जून को आगरा के होटल ताज एंड कोनवेशन सेंटर में एमएसएमई ओडोप बिजनेस समिट का आयोजन करने जा रहा है।

### जरूरतमंद कन्याओं का करवाया सामूहिक विवाह

**अलेवा।** डाहौला गांव स्थित श्री जोतराम मंदिर की संस्था श्री जोतराम सेवाश्रम संघ की ओर से जोतराम बाबा के जन्म दिवस के उपलक्ष्य व आजाद भगत के 16 वें अग्नि तपस्या के पूर्ण होने पर 11 गरीब कन्याओं का सामूहिक विवाह करवाया गया। आयोजित किए गए कार्यक्रमों में हजारों संख्या में गणमान्य लोगों व बाहर की अन्य संस्थाओं ने भी हिस्सा लिया। इस मौके पर आजाद भगत ने बताया कि कि शास्त्रों में कन्यादान को सबसे बड़ा दान बताया गया है।

### मकान में घुसकर अज्ञात बदमाशो ने किया हमला

**जींद।** सफीदो रोड पर बीती देर शाम कार तथा बुलेट पर सवार होकर आए बदमाशों ने कांग्रेस नेता के घर में घुस कर मारपीट और मकान के शीशे तोड़ डाले। सिविल लाइन थाना पुलिस ने मकान मालिक की शिकायत पर अज्ञात तथा बाइक सवार युवकों पर हमला करने, तोड़ फोड़ करने समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### पौधे लगाकर देखभाल की स्वयं जिम्मेदारी ली

**जींद।** भाविप भूतेश्वर शाखा जींद एवं फाल्कन क्लासेस इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में डीपीएस स्कूल गोसाई खेड़ा में पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शाखा अध्यक्ष नारीश रोहिल्ला ने बताया कि भूतेश्वर शाखा वर्ष भर पर्यावरण संरक्षण से जुड़े अनेक कार्यों को करती है।

## बरसाती सीजन में जलभराव को लेकर प्रशासन अलर्ट

# सिंचाई विभाग ने जिले में 308 किमी. की 47 ड्रेनों पर प्रारंभ करवाई सफाई

### मानसून से पहले काम पूरा नहीं हुआ तो फसल डूबने का रहेगा डर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। डीसी मोहम्मद इमरान रजा सिंचाई विभाग के अधिकारियों के साथ ड्रेन की सफाई कार्य का निरीक्षण करते हुए।

हर वर्ष जिले में मानसून के कारण होने वाली बरसात के चलते हजारों एकड़ में फसल डूब जाती है। इसको लेकर प्रशासन ड्रेनों की सफाई का हर वर्ष काम शुरू करता है लेकिन मानसून आने से पहले पूरी सफाई नहीं होती। इसके कारण किसानों की फसल बर्बाद हो जाती है। जिले में सिंचाई विभाग की 47 ड्रेन हैं। इनकी लंबाई 308 किलोमीटर की है। पिछले कई वर्षों से बरसात ज्यादा होने व ड्रेनों की सफाई नहीं होने से धान कपास व बाजरे समेत अन्य सभी फसलों पर संकट आता है। जुलाना क्षेत्र में सबसे ज्यादा समस्या जलभराव के कारण होती है। इसके लिए अभी तक ड्रेन की सफाई नहीं हो पाई। ड्रेन में पानी निकास के लिए रखे गए पंप सैट भी फिलहाल चालू हालात में नहीं हैं।

इन सभी समस्याओं का समय रहते समाधान करने के लिए गुरूवार को डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने भी ड्रेनों की जांच के लिए दौरा किया। डीसी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि तय समय अवधि में सभी कार्य पूरे हो जाने चाहिए ताकि जलभराव जैसी समस्या का सामना नहीं करना पड़े और इसको लेकर तैयारियां बिल्कुल पूरी हो। इस कार्य में किसी भी विभाग की लापरवाही एवं कोताही सहन नहीं की जाएगी। जिले में फिलहाल पौली लिजवाना ड्रेन, निजामपूर- भैरोखेड़ा ड्रेन, कालवा-किनाना ड्रेन समेत अन्न कई ड्रेनों पर सफाई का काम किया जा रहा है। जलभराव के दौरान हर वर्ष पंप मिलते हैं खराबः जिले में जब भी बरसात के कारण जलभराव होता है। उस समय अधिकतर ड्रेन पर रखे पंप सेट खराब हालात में मिलते हैं। इसके कारण किसान खुद के ट्रैक्टर व मोटर लगाकर पानी की निकासी के लिए प्रयास करते हैं लेकिन स्थाई व्यवस्था नहीं होने के कारण पानी निकासी में कई दिन लगते हैं। इतने समय में किसानों की फसल खराब हो जाती है। जिला प्रशासन सिंचाई विभाग को हर वर्ष समय से पहले पंप सैट सुचारू करने के निर्देश देता है लेकिन यह व्यवस्था हर बार ठप्प पाई जाती है। इस बार भी डीसी ने इस व्यवस्था को दुरूस्त करने के लिए सभी अधिकारियों की बैठक लेकर निर्देश दिए हैं। 25 जून तक मानसून आने के आसारः जिले में इस बार 25 जून तक मानसून आने के आसार हैं। इससे पहले ही सभी ड्रेन की सफाई करवानी अनिवार्य है। अगर इससे पहले सफाई नहीं हुई तो जुलाना, उचाना, नरवाना, पिल्लूखेड़ा और सफीदों क्षेत्र में फसल डूबकर किसानों को नुकसान होने का डर रहेगा।

#### ड्रेन की सफाई के काम का निरीक्षण

डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि सिंचाई विभाग ड्रेनों व सीवरेज सिस्टम की सफाई व अन्य कार्यों को निर्धारित समय में पूरा करवाना सुनिश्चित करें ताकि बरसाती मौसम के दौरान किसानों व आमजन को किसी प्रकार की दिक्कत का सामना न करना पड़े। विभागों के अधिकारी आपसी सामंजस्य स्थापित करते हुए बरसाती सीजन से पहले सभी कार्य पूर्ण करवाने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने खुद भी ड्रेन की सफाई के काम का निरीक्षण किया।

## पांच दिवसीय कैंप का किया निरीक्षण

- निपुण मिशन के तहत जिले के सभी खंडों में आयोजित किए जा रहे कैंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



निपुण मिशन के तहत जिले के सभी खंडों में पांच दिवसीय एफ एल एन कैंप चल रहे है। जिसमें प्राथमिक शिक्षकों को खेल-खेल में शिक्षा, टीएलएम का प्रयोग, प्रिंट रिच क्लास रूम, स्किल पासबुक भरने व बच्चों का लर्निंग लेवल समझने बारे मास्टर ट्रैनर द्वारा सभी प्राथमिक शिक्षकों को बच्चों को पढ़ाने के नए ये गुर सीखाए जा रहे हैं ताकि बच्चों का सर्वांगीण विकास हो ओर बच्चे बिना किसी डर के स्कूल की ओर अपना कदम बढाएं। कैंपों का निरीक्षण के लिए जिला स्तर पर अलग-अलग टीम बनाई गई है। जो सभी प्रशिक्षण केंद्रों पर कम से कम दो घंटे रह कर पूरा अवलोकन कर रहे हैं। उसके बाद गूगल लिंक भरकर अपनी रिपोर्ट निदेशालय व जिला समन्वयक एफएलएन को भेजी जा रही है। जिला समन्वयक एफएलएन राजेश वशिष्ठ ने बताया कि जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी डा. सुभाष चंद्र, डाइट प्रिंसिपल डॉ. विजय लक्ष्मी, डीपीसी रितु पंघाल, उप जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी किरण बाला सहित जिला स्तरीय टीम ने खंड जींद, उचाना, अलेवा, नरवाना, सफीदों, पिल्लूखेड़ा, जुलाना का निरीक्षण किया ओर अच्छे कार्य की सराहना की तथा जहां किसी प्रकार की कोई कमी महसूस हुई उसके बारे मे बताया गया ताकि उसमे सुधार लाया जा सके। खंड जींद व खंड सफीदों की सेल्फी प्वायंट सभी के आकर्षण का केंद्र बिंदु रही। आज पर्यावरण दिवस पर जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी, उप जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी, जिला समन्वयक एफएलएन सहित कैंप मे आए शिक्षकों ने पौधा रोपण किया ओर एक एक पेड़ स्वयं लगाने की शपथ ली।



जींद। कार्यक्रम में भाग लेते कैडेट्स। फोटो :हरिभूमि

### सामाजिक चेतना का दिया संदेश

**जींद।** कमांडिंग ऑफिसर कर्नल जगज्योत सिंह ने बताया कि जवाहर नवोदय विद्यालय में चल रहे एनसीसी कैंप में कैडेट्स को कठोर प्रशिक्षण और सामाजिक चेतना का संदेश दिया गया। इस तरह का प्रशिक्षण कैडेटों में अनुशासन और सटीकता पैदा करने में महत्वपूर्ण हैं। आर्म्स ड्रिल में हथियारों को संभालने और चलाने पर ध्यान केंद्रित किया जाता है। जिससे कैडेटों की हथियार संभालने और सामरिक गतिविधियों में दक्षता बढ़ती है। दूसरी ओर फुट ड्रिल में कैडेटों के बीच एकता और समन्वय को बढ़ावा देते समन्वित मार्चिंग और मूवमेंट पर जोर दिया जाता है। एनसीसी के मिशन के एक महत्वपूर्ण पहलू को विविधता में एकता और राष्ट्र निर्माण में एनसीसी की भूमिका थीम के माध्यम से उजागर किया गया है। एनसीसी शिविर में स्वच्छता और सफाई, व्यक्तिगत और शिविर स्वच्छता के महत्व पर जोर दिया गया। शिविर के भीतर स्वस्थ वातावरण बनाए रखने और यह सुनिश्चित करने के लिए ये पहलू महत्वपूर्ण है कि कैडेट व्यक्तिगत और सामुदायिक स्वच्छता प्रथाओं के महत्व को समझें।

### एसडी पब्लिक स्कूल में मनाया पर्यावरण दिवस


**नरवाना।** विश्व पर्यावरण दिवस पर स्कूल प्राचार्याएस्टाफ और एन सी सी कैंडिडेट द्वारा पौधे लगाकर मनाया विश्व पर्यावरण दिवस। स्कूल प्राचार्या अनिता मलिक ने कहा कि एक सर्वे रिपोर्ट के अनुसार लगभग 21 लाख लोग पर्यावरण प्रदूषण की वजह से मौत का शिकार होते हैं और 30ः आबादी पर्यावरण प्रदूषण से ग्रस्त हैं। विश्व के 20 पर्यावरण ग्रस्त महानगरों में 13 महानगर भारत के है जो कि चिंता का विषय है। अतः लोगो को छोटी.छोटी बातों को ध्यान में रखते हुए कम से कम पोलिथीन का प्रयोग करना चाहिए और ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने चाहिएए लगाने ही नहीं चाहिए बल्कि उनकी देखभाल भी करनी चाहिए जोकि शुद्ध वायु भी देने में सहायक है और मनुष्य के जीवन की रक्षा करने में भी सक्षम है। पर्यावरण दिवस लोगों को पर्यावरण संरक्षण का अहसास भी करवाता है और लोगों के जीवन को बचाने का काम भी करता है।

### अध्यापन कौशल शिविर का आयोजन

**नरवाना।** चिराग पब्लिक स्कूल नरवाना में समस्त शिक्षकगण के लिए एक दिवसीय अध्यापन कौशल शिविर का आयोजन किया गया। नरवाना के जाने.माने शिक्षाविद् संजय भारद्वाज मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। शिविर का मुख्य विषय आदर्श अध्यापकरू गुण और कर्तव्य था। संजय भारद्वाज ने अपने वक्तव्य में आदर्श शिक्षक के व्यक्तित्वए नैतिक मूल्योंए कक्षा प्रबंधनए शैक्षिक दृष्टिकोण एवं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में शिक्षक की भूमिका पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि एक आदर्श अध्यापक केवल पाठ्यक्रम पढ़ाने तक सीमित नहीं होताए वह विद्यार्थियों का मार्गदर्शकए प्रेरक और समाज निर्माता होता है। शिक्षकों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आज के बदलते शैक्षिक परिवेश में शिक्षक को निरंतर आत्मविकास करते रहना चाहिए तथा तकनीकी और भावनात्मक दोनों स्तरों पर दक्ष होना चाहिए। विद्यालय प्रधानाचार्य रमेश वत्स ने संजय भारद्वाज के विचारों को प्रेरणादायक बताते कहा कि ऐसे संवाद शिक्षकों को अपने कर्तव्यों की सार्थकता का बोध कराते हैं।



नरवाना। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए। फोटो :हरिभूमि



जींद। पौधरोपण करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### यदुवंशी शिक्षा निकेतन में समर कैंप जारी

**जींद।** यदुवंशी शिक्षा निकेतन में इन दिनों चल रहे समर कैंप में बच्चों का उत्साह देखने लायक है। समर कैंप के चौथे दिन न केवल बच्चों ने विभिन्न कलाओं को सीखा बल्कि विश्व पर्यावरण दिवस को भी विद्यालय में उत्साहपूर्वक मनाया गया। समर कैंप के चौथे दिन बच्चों को आत्मरक्षा के गुर, जूडो, ताइक्वांडो, इंग्लिश स्पीकिंग क्लास, हिंदी लेखन, नृत्य तथा स्वास्थ्य के लिए योगाभ्यास सिखाया। इसके साथ ही बच्चों ने आत्मरक्षा में सहायक कुछ विशेष ट्रिक्स भी सीखी। जो भविष्य में उनके लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होंगी। विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में विद्यालय के सभी शिक्षकों ने ईमानदारी की कमाई से एक-एक पौधा विद्यालय परिसर में रोपित किया और पर्यावरण संरक्षण की ओर एक प्रेरणादायक कदम बढ़ाया। साथ ही सभी शिक्षकों ने पक्षियों को दाना व पानी भी दिया। जो बच्चे समर कैंप में भाग नहीं ले रहे हैं, भी इस अवसर पर अपने घरों में पौधों को पानी दिया तथा नये पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान दिया।

### मांगों को लेकर हड़ताल जारी

**नरवाना।** वीरवार को सुबह कांग्रेस नेता नरवाना विधानसभा क्षेत्र से पिछले साल विधायक का चुनाव लड़ चुके कांग्रेस के प्रत्याशी सतबीर सिंह दबलैन पहुंचे भगतसिंह चौंक पर मजदूरों को मिलने व उनका दर्द बांटने धरना स्थल पर जहां पर तीन दिन से भूख.हड़ताल पर अपनी मांगों को लेकर बैठें हैं मजदूरों ने उनको सुनाया कि वो पिछले कई सालों से अपने हक लेकर लड़ रहे हैं कोई उनकी सुनवाई नहीं कर रहा। मजदूर नेता विक्रम ने आगे कहा कि कृष्ण बेदी तो अभी नया विधायक बना उससे पहले जो नरवाना से विधायक रामनिवास सुरजाखेडा था उससे भी हम काफी बार मिल चुके हैं लेकिन उन्होंने भी कोई समाधान नहीं कियाए नगर परिषद चेयरमैन के प्रतिनिधि विशाल मिर्धाएनगर परिषद कार्यकारी अधिकारी से भी इस बारे काफी गुहार लगाई।




नरवाना। भूख हडताल पर बैठे मजदूर। फोटो :हरिभूमि



जींद। वीसी से मुलाकात करते वाइस चेयरमैन। फोटो :हरिभूमि

### स्वच्छता का महत्व बताया

**जींद।** मुख्यमंत्री के निर्देश पर चल रहे स्वच्छता पखवाड़े के तहत प्रदेश को स्वच्छ करने के मिशन पर निकले स्वच्छ भारत मिशन हरियाणा के कार्यकारी वाइस चेयरमैन सुभाषचंद्र ने गुरूवार को को चौधरी रणबीर सिंह विवि के वाइस चांसलर डॉ रामपाल सैनी से कार्यालय में मुलाकात की। इस दौरान विवि को स्वच्छता के एक मॉडल के रूप में विकसित करने पर विस्तार से चर्चा की। इससे पहले उन्होंने डा. सैनी के वाइस चांसलर पद पर नियुक्ति होने पर शुभकामनाएं दी। विवि के वीसी के साथ स्वच्छता पर चर्चा का मुख्य उद्देश्य विवि परिसर और आसपास के क्षेत्र में स्वच्छता को बढ़ावा देना और छात्रों को स्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूक करना था। इस चर्चा में उन्होंने छात्रों और कर्मचारियों को स्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूक करने और उन्हें स्वच्छता अभियान में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करने पर अपनी बात रखी। इस अवसर पर पद्मश्री महावीर गुड्डू, पवन शर्मा, प्रो. डा. बलराम शर्मा, रवि कुमार भी मौजूद रहे।



जींद। कार्यक्रम में भाग लेती प्राचार्या। फोटो :हरिभूमि

### प्रकृति बिना मानव जीवन असंभव

**जींद।** डीएवी शताब्दी पब्लिक स्कूल प्राचार्या रश्मि विद्यार्थी ने पौधारोपण करते पर्यावरण दिवस के विषय में जानकारी देते कहा कि हर पांच जून का दिन दुनिया भर में विश्व पर्यावरण दिवस के तौर पर मनाया जा रहा है। विश्व पर्यावरण दिवस मनाए जाने का मकसद है। लोगों को पर्यावरण की सुरक्षा के प्रति जागरूक और सचेत करना। प्रकृति बिना मानव जीवन संभव नहीं। ऐसे में यह बेहद जरूरी है कि हम पेड़ पौधों, जंगलों, नदियों, झीलों, भूमि, पहाड़ सबके महत्व को समझें। डीएवी प्रांगण में एक पौधा मां के नाम लगाया गया। रश्मि विद्यार्थी ने बताया कि हमारे विद्यालय में बच्चे व अध्यापकगण समय-समय पर पौधे लगाते रहते है। बच्चों के जन्म दिवस पर बच्चे पौधा रोपण करते हैं। डीएवी अध्यापिका इको क्लब सदस्या गीता नंदवाल द्वारा विद्यालय में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यार्थी ने सभी को पौधे लगाने के लिए प्रोत्साहित किया व पेड़ व पौधे लगाने के अनेकों फायदे बताए।

## सांसद किरण चौधरी के जन्मदिन पर किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। पौधरोपण करते हुए। फोटो :हरिभूमि

राज्यसभा सांसद एवं वरिष्ठ भाजपा नेता किरण चौधरी के जन्मदिन पर वीरवार को उनके समर्थक बिजेंद्र खर्ब ने परिवार सहित पौधारोपण किया और उनके लंबे जीवन के लिए प्रार्थना की। उनके साथ उमेश शर्मा, मेजर बीरेंद्र, योगेश, प्रिया, सुदेश, रश्मि भी साथ रहे। बिजेंद्र खर्ब ने कहा कि राज्यसभा सांसद किरण चौधरी जिस तरह महिलाओं की आवाज बुलंद कर रही हैं, वह काबिलेतारिफ है।

प्रदेशभर में इस बार एक पेड़ मां के नाम अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने तथा उनके परिवार के लोगों ने राज्यसभा सांसद किरण चौधरी के जन्मदिन पर अधिक से अधिक पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कदम बढाया है। उन्होंने आमजन से आह्वान करते हुए कहा कि मां और प्रकृति दोनों ही जीवनदायिनी हैं। यदि हम अपनी मां के नाम एक पौधा लगा कर उसकी देखभाल करें तो यह न सिर्फ पर्यावरण के प्रति हमारी जिम्मेदारी होगी बल्कि मां के प्रति सच्चा सम्मान भी होगा। ऐसे में प्रत्येक जन को इस मुहिम से जुडऩा चाहिए। इस अभियान का उद्देश्य न केवल हरियाली को बढ़ाना हए बल्कि लोगों को भावनात्मक रूप से प्रकृति से भी जोड़ना है। उन्होंने कहा कि पेड़ पौधों का हमारे जीवन में एक महत्वपूर्ण योगदान है। क्योंकि पेड़-पौधे हमें आश्रय प्रदान करते है।




जींद। बैठक में भाग लेते किसान नेता। फोटो :हरिभूमि

### किसान समस्याओं पर किया मंथन

**जींद।** भारतीय किसान यूनियन की बैठक शिव कालोनी स्थित किसान भवन कार्यालय में भाकियू के जिलाध्यक्ष बारू राम रूपगढ़ की अध्यक्षता में संपन्न हुई। भाकियू के जिला प्रवक्ता रामराजी ने बताया कि बैठक में अगली फसल के मौसम को देखते हुए विचार विमर्श किया गया है। जिसे पूरा करने के लिए डीसी से मिल कर उनके समक्ष समस्याएं रखी जाएंगी। उन्होंने बताया कि बिजली के तार व ट्रांसफार्मर की रिपेयर व ट्रांसफार्मर में तेल आदि पूरा करवाने, बिजली समय अनुसार न आने, नहरी पानी के बारे में बरसात के मौसम को देखते हुए ड्रेनो व नहरों की सफाई करवाने की मांग की जाएगी। इसके अलावा टेलों तक पूरा पानी पहुंचाया जाए। स्वास्थय विभाग द्वारा मच्छरों व अन्य बरसाती बीमारियों को देखते हुए दवा का छिड़काव गांव स्तर पर करवाया जाए।

## समाधान शिविर में डीसी ने सुनी समस्याएं, अधिकारियों को आदेश

# तय समयसीमा में शिकायतें निपटाने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। समाधान शिविर में समस्याएं सुनते डीसी। फोटो :हरिभूमि

राज्य सरकार द्वारा आमजन की शिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी निवारण के लिए चलाई जा रही अभिनव पहल के तहत वीरवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर की अध्यक्षता डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने की। शिविर के दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 13 शिकायतें प्राप्त हुई। जिनमें प्रमुख रूप से परिवार पहचान पत्र, सामाजिक पेंशन, राशन कार्ड, बिजली, पानी, सड़क एवं बुनियादी ढांचे से जुड़ी समस्याएं सम्मिलित रहीं। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्राप्त शिकायतों का समाधान निर्धारित समयसीमा में पूर्ण पारदर्शिता एवं संवेदनशीलता के साथ किया जाए। डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि प्रशासनिक तंत्र और नागरिकों के बीच संवाद का यह सशक्त माध्यम पारदर्शिता और जनविश्वास को सुदृढ़ करता है। समाधान शिविर केवल शिकायतों के निवारण का मंच नही बल्कि यह प्रशासनिक जवाबदेही और नागरिक सहभागिता की उत्कृष्ट मिसाल बन चुका है। समाधान शिविर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे राज्यव्यापी अभियान का हिस्सा है। जिसका उद्देश्य प्रत्येक नागरिक तक सुगम, पारदर्शी एवं उत्तरदायी प्रशासनिक सेवाएं सुनिश्चित करना है। शिविर में ग्राम पेगां के निवासियों द्वारा गली की खराब स्तिथि के कारण आ रही समस्याओं के संबंध में शिकायत प्रस्तुत की गई। इसी प्रकार गांव मांडी खुर्द के निवासी मनोज ने फिरनी की दोबारा पेमाइश करवा कर सड़क निर्माण कार्य को सही ढंग से करवाने का आग्रह किया। गांव मनोहरपुर के निवासियों द्वारा प्राइवेट बस न रूकने बारे अपनी शिकायत रखी। जिस पर डीसी ने तुरंत संज्ञान लेते हुए आरटीए विभाग के अधिकारियों कहा कि वे प्राइवेट बस के मालिक को आदेश जारी करें ताकि आमजन को आवागमन में कोई परेशानी ना हो। इसी प्रकार राम कॉलोनी निवासी भवर सिंह द्वारा बुढ़ापा पैंशन बनवाने के लिए अपना आवेदन रखा। जिस पर डीसी ने त्वरित आधार पर कार्यवाही करते जिला समाज कल्याण अधिकारी को निर्देश दिए कि वे भवर सिंह की बुढ़ापा पैंशन जल्द से जल्द बनवाना सुनिश्चित करें।



जींद। किसानों के समूह के साथ विशेषज्ञ। फोटो :हरिभूमि

### मिट्टी की जांच व तरीकों के बारे में बताया

**जींद।** कृषि विज्ञान केंद्र पांडू पिंडारा के कृषि वैज्ञानिक व कृषि अधिकारियों गुरूवार को गांव जुलानी, कंडेला व शाहपुर में विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत किसानों से रूबरू हुए। कृषि विज्ञान केंद्र जींद के विस्तार शिक्षा विशेषज्ञ डा. पवन कुमार ने बताया कि विकसित कृषि संकल्प अभियान पूरे देश का एक बहुत बड़ा अभियान है। कृषि विशेषज्ञ गांव-गांव जाकर किसानों से सीधे मिलकर उनकी समस्याओं को जानकर उनका निदान कर रहे है। जिले भर के 135 गांव इस अभियान में शामिल है। कृषि की सतत क्रियाओं को अपना कर मिट्टी, पानी और जल वायु को सुधारने के बारे में बताया। बागवानी विकास अधिकारी से अमित कुमार, मत्स्य से मुस्कान, जुलानी के सरपंच नरेश कुमार भी उपस्थित थे। गांव कैरखेड़ी, रूपगढ़ और जीतगढ़ में कृषि विज्ञान केन्द्र जींद के डा. धीरज पंघाल ने मिट्टी की जांच व तरीकों के बारे में बताया।

## खबर संक्षेप



### पर्यावरण संतुलन जीवन के लिए बहुत महत्वपूर्ण

**राजौंद।** ब्रह्माकुमारीज सुख शान्ति भवन राजौंद में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम आयोजित किया गया । इस दौरान राजयोग शिक्षिका ब्रह्माकुमारी आशा बहन ने कहा कि पर्यावरण संतुलन जीवन के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। पर्यावरण और अध्यात्म का गहरा संबंध है परन्तु वर्तमान समय हम प्रकृति से दूर होते जा रहे हैं जिसके कारण प्रकृति और अध्यात्म का समन्वय बिगड़ गया है।

### गंगा दशहरा पर्व पर किया शरबत वितरण

**कैथल ।** गंगा दशहरा के पावन अवसर पर श्री हंस सद्भावना मंदिर करनाल रोड कैथल में मानव उत्थान सेवा समिति के प्रणेता सद्गुरुदेव सतपाल जी महाराज जी की प्रेरणा से गंगा दशहरा के उपलक्ष में शरबत वितरण प्रोग्राम किया गया। इस अवसर पर आश्रम के प्रभारी सुमिता बाई और अनुपमार् जी ने प्रवचन में कहां कि यह गंगा दशहरा का पर्व जेस्ट शुक्ल दशमी तिथि को मनाया जाता है।

### प्रधानमंत्री आवास योजना के पात्रों को मिलेगी किस्त

**कलायत।** कलायत नगर पालिका में प्रधानमंत्री आवास योजना के पुराने पात्रों को जल्द पहली, दूसरी व तीसरी किस्त का लाभ मिलेगा। इसके तहत लाखों रुपए की राशि निकाय आम चुनाव के बाद पात्रों को खातों के माध्यम से जारी करने का निर्णय प्रशासन ने लिया है। सरकार और प्रशासन का पक्की छत के सपने को साकार करने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है। योजना के अंतर्गत हर पात्र परिवार को सरकार द्वारा तय ढ़ाई लाख की राशि चरणबद्ध तरीके से उपलब्ध कराई जा रही है। अभियंता राजेश ने बताया कि योजना कार्य से जुड़ी प्र्क्रिया को पूरा करने की कार्यवाही संजीदगी से पूरी की जा रही है।

### अड्डू पीर बाबा की दरगाह पर लगाया भंडारा

**पूंडरी।** पूंडरी-पाई मार्ग स्थित अड्डू पीर बाबा की दरगाह पर इस वर्ष भी श्रद्धा और आस्था का संगम देखने को मिला। 64वां वार्षिक विशाल भंडारा बड़ी धूमधाम और भक्तिभाव के साथ आयोजित किया गया, जिसमें सैंकड़ों श्रद्धालुओं ने न केवल माथा टेका, बल्कि भंडारे का प्रसाद भी ग्रहण किया। भंडारे की शुरुआत चादर चढ़ाने की पारंपरिक रस्म से हुई। सेवकों ने नाचते-गाते, ढोल-नगाड़ों की गूंज के बीच पीर बाबा की दरगाह पर चादर चढ़ाई। इस दौरान माहौल पूरी तरह से आध्यात्मिक रंग में रंग गया और श्रद्धा का अनुपम दृश्य उपस्थित हुआ।

### सीएम विंडो कागजी खानापूर्तिः रामप्रकाश

**पूंडरी।** इनेलो नेता एवं हरियाणा वाटर पॉल्यूशन बोर्ड के पूर्व सदस्य रामप्रकाश गोगी कत्याल ने प्रदेश सरकार की 'सीएम विंडो' व्यवस्था पर तीखा प्रहार करते उसे बेकार की औपचारिकता करार दिया। गोगी ने कहा कि चाहे मामला नगर पालिका का हो, पीडब्ल्यूडी विभाग का या फिर वाटर पॉल्यूशन बोर्ड का उन्होंने कई बार सी.एम. विंडो पर शिकायतें दीं।

## विधानसभा स्पीकर ने मुंदड़ी स्थित आश्रम में धार्मिक कार्यक्रम को किया संबोधित

# गुरु ब्रह्मानंद जी के विचारों से जुड़कर अपने जीवन को बनाएं सफल : हरविंद्र

### हवन में आहुति दी, पौधरोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल





**कैथल।** हरियाणा विधानसभा स्पीकर हरविंद्र कल्याण हवन में आहुति डालते व पौधरोपण करते। फोटो :हरिभूमि

हरियाणा विधानसभा स्पीकर हरविंद्र कल्याण ने कहा कि गुरु ब्रह्मानंद जी ने हमेशा लोक भलाई के लिए कार्य किए और मानवता को सच्चा रास्ता दिखाया। उन्होंने हमेशा सही मार्ग पर चलने, पर्यावरण संरक्षण, बुराइयो से दूर रहने एवं नारी सशक्तिकरण का संदेश दिया है। उन्होंने अपना जीवन मानवता की भलाई के लिए समर्पित किया। हम सभी को उनके जीवन से प्रेरणा लेते हुए समाज व राष्ट्र हित में निरंतर अपना योगदान देना चाहिए।

हरियाणा विधानसभा स्पीकर हरविंद्र कल्याण वीरवार को मुंदड़ी गांव स्थित जगद गुरू श्री ब्रह्मानंद आश्रम में आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में पहुंचने पर विधायक सतपाल जांबा व समाज के लोगों ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। उन्होंने आश्रम में गुरू ब्रह्मानंद जी की प्रतिमा के समक्ष पूजा अर्चना की तथा हवन यज्ञ में आहुति डाली। इस मौके पर उन्होंने महंत श्री कृष्णानंद जी महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने बताया कि हर वर्ष ज्येष्ठ माह में यहां पर हवन व भंडारे का आयोजन किया जाता है।

हरियाणा विधानसभा स्पीकर हरविंद्र कल्याण ने कहा कि हमें गुरू ब्रहानंद जी के विचारों से जुड़ना चाहिए, ताकि हम जीवन में अच्छा करें, अपने परिवार की जिम्मेदारियों को निभाएं और साथ ही साथ समाज के प्रति भी अपना योगदान दें। यही हमारे समाज की खूबसूरती है कि हम एक दूसरे के साथ मिलकर रहते हैं। हमारी ऐसी सोच होनी चाहिए हम संगठित होकर अपने समाज को आगे बढ़ाएं और सब मिलजुल कर तरक्की करें।

उन्होंने विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में आश्रम परिसर में पौधा रोपण किया और अपने संदेश में कहा कि हमें ग्लोबल वार्मिंग को देखते हुए अधिक से अधिक पेड़-पौधे लगाने चाहिए। पौधों को अपने बच्चे की तरह पालना चाहिए, ताकि वह बड़ा होकर हमें छांव, फल और ऑक्सीजन दें। उन्होंने कहा कि प्लास्टिक, कचरा पर्यावरण को प्रदूषित कर रहा है और हमारे वन्य जीवों को नुकसान पहुंचा रहा है। हमारे छोटे-छोट प्रयास जैसे कि कचरे का सही ढंग से वर्गीकरण तथा वस्तुओं का पुनः उपयोग एक बड़ा बदलाव ला सकता है। आईए प्लास्टिक प्रदूषण के निराकरण की ओर एक ओर सशक्त कदम बढ़ाएं। पर्यावरण संरक्षण में आपका सहयोग सारथी बनेगा।

**ये रहे मौजूद**

पूंडरी विधायक सतपाल जांबा ने कहा कि संत महात्मा किसी एक जाति या धर्म के नहीं होते, बल्कि वे सर्व समाज के होते हैं। हमें उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। गुरू ब्रहानंद जी ने हमेशा समाज को आगे बढ़ाने का काम किया। विश्व पर्यावरण दिवस को लेकर विधायक सतपाल जांबा ने भी पौधा रोपण कर पर्यावरण जागरूकता का संदेश। इस अवसर पर पूंडरी विधायक सतपाल जांबा, पूर्व विधायक तेजवीर सिंह, सतीश नंबरदार, सरपंच शशि, सरपंच प्रतिनिधि महेंद्र सिंह, मास्टर नसीब सिंह, रणधीर सिंह, अशोक, पालाराम, सतीश कुमार, हुकम सिंह, रमेश व समाज के अन्य लोग मौजूद रहे।



**कैथल।** पौधारोपण करते जाट स्कूल के स्टाफ सदस्य। फोटो :हरिभूमि

### विश्व पर्यावरण दिवसः जाट शाइनिंग स्टार पब्लिक स्कूल ने बढ़ाया 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान

**कैथल ।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जाट शाइनिंग स्टार पब्लिक स्कूल में एक विशेष आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय ने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी द्वारा चलाए गए 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान को आगे बढ़ाते हुए पेड़ लगाए। कार्यक्रम में जाट हाई स्कूल सोसायटी के प्रधान राजकुमार बेनीवाल, उपप्रधान बलविंदर बनवाला, सचिव रश्मि ढुल और कोषाध्यक्ष बलकार नैन के अलावा सभी कार्यकारिणी सदस्य भी उपस्थित थे। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। विद्यालय के प्रधानाचार्य मिस्टर पंकज गुप्ता ने पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला और सभी से इस अभियान में शामिल होने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि 'एक पेड़ मा के नाम' का सार एक प्रतीकात्मक इशारा है - अपनी मां के नाम पर एक पेड़ लगाना। यह सरल कार्य एक दोहरे उद्देश्य को पूरा करता हैः जीवन को पोषित करने और ग्रह के स्वास्थ्य में योगदान देने में माताओं की भूमिका का सम्मान करना, पेड़ जीवन को बनाए रखते हैं, और एक मां की तरह, वे अगली पीढ़ी के लिए पोषण, सुरक्षा और भविष्य प्रदान करते हैं। इस मौके पर अंजू गिल, संतरो देवी, मीना कुमारी, उषा देवी, सुमन राविश, कुसुम लता आदि स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

### ऑक्सीजन की पूर्ति, स्वास्थ्य में स्फूर्ति के लिए पौधरोपण उपयोगीः डॉ. शकुंतला दहिया

**कैथल।** जिला प्रशासन एवं आयुष विभाग द्वारा 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों की श्रृंखला निरंतर जारी हैं। वीरवार को विश्व पर्यावरण दिवस को हरित योग के रूप में योग व्यायामशालाओं एवं आयुष संस्थानों में पौधारोपण कर बड़े उत्साह से मनाया गया। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डा. शकुंतला दहिया ने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस 2025 की थीम प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त करना है। वन विभाग के सहयोग से नीम, एलोवेरा, सहजन, आंवला, जामुन आदि औषधीय पौधे वितरित किए गए। इसके अतिरिक्त योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर की श्रृंखला में ब्रह्माकुमारी आश्रम, कैथल में योग शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 180 प्रतिभागियों ने भाग लिया। योग ट्रेनर संदीप सिंह एवं कनिका आयुष योग सहायक द्वारा कपालभाति, अनुलोम विलोम, भ्रामरी, शीतली एवं ध्यान का अभ्यास करवाया गया, इसके साथ-साथ हाथ, पैरों, घुटनों, कंधों के सूक्ष्म व्यायाम करवाए गए ।

# कड़ी मेहनत सफलता की कुंजीः आस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



**कैथल।** एसपी आस्था मोदी को सम्मानित करते हारट्रोन स्किल सेंटर के संचालक।

पुलिस अधीक्षक आस्था मोदी ने कहा कि जीवन में सफलता और लक्ष्य प्राप्ति का एकमात्र साधन कड़ी मेहनत और निरंतरता है। सफलता का कोई शार्टकट नहीं होता, बल्कि मेहनत और लगन के बल पर ही व्यक्ति अपने सपनों को साकार कर सकता है। वे वीरवार को हरियाणा सरकार के उपक्रम हारट्रोन स्किल सेंटर में आयोजित डिप्लोमा प्रमाण-पत्र वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंची थी। इस अवसर पर सेंटर हेड बलविंद्र ढुल ने एसपी आस्था मोदी का बुके देकर स्वागत किया। समारोह में 130 डिप्लोमा धारक छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

एसपी आस्था मोदी ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि सपने देखना और उन्हें पूरा करने का प्रयास करना जीवन का अभिन्न हिस्सा है। उन्होंने कहा, हो सकता है कि आपके द्वारा देखे गए सपने पूरे न हों लेकिन कड़ी मेहनत और लगन के साथ आप उनसे भी बेहतर लक्ष्य हासिल कर सकते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को आत्मविश्वास और अनुशासन के साथ आगे बढ़ने की सलाह दी और कहा कि जीवन में असफलताएं आती हैं लेकिन उनसे सीख लेकर और अधिक दृढ़ता के साथ आगे बढ़ना ही सच्ची सफलता की नींव है। कार्यक्रम में सेंटर हेड बलविंद्र ढुल ने बताया कि हारट्रोन स्किल सेंटर पिछले कई वर्षों से युवाओं को विभिन्न तकनीकी और गैर-तकनीकी पाठ्यक्रमों के माध्यम से प्रशिक्षित कर रहा है। इस वर्ष 130 छात्र-छात्राओं ने डिप्लोमा कोर्स सफलतापूर्वक पूरा किया है, जो अपने क्षेत्र में रोजगार और स्वरोजगार के अवसर तलाशने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि सेंटर का उद्देश्य युवाओं को न केवल तकनीकी रूप से सक्षम बनाना है, बल्कि उन्हें आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता प्रदान करना भी है। समारोह में उपस्थित विद्यार्थियों ने एसपी आस्था मोदी के विचारों को ध्यान से सुना और उनके प्रेरक शब्दों से उत्साहित महसूस किया। कार्यक्रम के अंत में एसपी को संस्थान की ओर से स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। इस अवसर पर महिला थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सुनीता, थाना शहर प्रभारी गीता, जिला यातायात प्रभारी नरेश सहित सेंटर के तमाम स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

# पौधों की करें अपने बच्चों की तरह परवरिश : राजेश सैनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



**कैथल।** महाविद्यालय के सेवानिवृत प्राचार्य राजेश कुमार सैनी पौधरोपण करते।

श्री कपिल मुनि राजकीय महिला महाविद्यालय कलायत कैथल के प्रांगण में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में /"विश्व पर्यावरण दिवस/" का आयोजन किया गया। इस उपलक्ष में बतौर मुख्य अतिथि महाविद्यालय के सेवानिवृत प्राचार्य राजेश कुमार सैनी ने शिरकत की। उन्होंने अपने कर कमल से पौधारोपण कर पर्यावरण बचाने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि हमें न केवल वृक्षारोपण करना चाहिए बल्कि उनके संरक्षण में संवर्धन के लिए भी निरंतर प्रयास करते रहना चाहिए। प्रत्येक मानव को अपने जन्मदिन ,वैवाहिक वर्षगांठ इत्यादि अवसर पर भी वृक्षारोपण अवश्य करना चाहिए। वृक्ष न केवल हमारे पर्यावरण को ठीक रखते हैं बल्कि वायुमंडल, जल मंडल, स्थल मंडल सभी में समायोजन स्थापित करने में हमारे सहायक हैं। आधुनिकता के इस परिवेश में पेड़ों को काटकर विकास नहीं किया जा सकता बल्कि वृक्ष वनों का संरक्षण करके ही विकास संभव है। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य सुनील गर्ग, डॉ रूपेंद्र, राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉ कविता रानी, डॉ प्रदीप, डॉ नवीन कुमार, मुकेश कुमार व अन्य उपस्थित रहे।



### निःशुल्क जांच शिविर में 630 ने करवाई हृदय जाच

**कैथल।** एमएसजी डेरा सच्चा सौदा व मानवता भलाई केंद्र, राम ए खुश्बू डेरा कैथल में निःशुल्क हृदय जांच शिविर का आयोजन किया गया। यह /"शाह सतनाम जी रिसर्च एंड डेवेलपमेंट फाउंडेशन/" की तरफ से आयोजित किया गया जिसमे सरसा से हार्ट के सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टरो की टीम आई, जिसमे डॉ गौरव , डॉ संदीप और डॉ अवतार सिंह शामिल रहे। शिविर में दिल से सबंधित सभी प्रकार की बीमारियों की जांच की गई। इसके साथ ही मरीजो की ईसीजी भी की गई। शिविर में 660 मरीजो ( 300 पुरुष और 330 महिला) की जांच की गई और डॉक्टरो द्वारा मरीजो को बीमारी और ईलाज से जुडी पूरी जानकारी दी गई। वहीं कैथल की साध संगत द्वारा जांच शिविर में आए मरीजो के लिए गर्मी के मौसम को देखते हुए ठंडा नींबू पानी, चाय और लंगर भोजन का पूरा प्रबंध किया गया। इस दौरान मरीजो को किसी भी प्रकार की कोई परेशानी नहीं आने दी गई। जांच शिविर में जिला पार्षद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि गायक कर्मवीर फौजी और जिला पार्षद अमरजीत कसान ने भी विशेष रूप से शिरकत की और कहा कि ऐसे कैंपों से उन लोगों को बहुत फायदा होता है जो बड़े अस्पतालों की महंगी फीस भरकर जांच नहीं करवा सकते। सभी संस्थाओं और अस्पताल को ऐसे मानवता भलाई कार्य करने चाहिए।

# हर सनातनी निर्जला एकादशी का व्रत रखेंः शास्त्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी



पंडित रवि दत्त शास्त्री

पंडित रवि दत्त शास्त्री नें बताया की सनातन शास्त्र में निर्जला एकादशी के दिन का विशेष महत्व है, अतः प्रत्येक सनातनी को निर्जला एकादशी के दिन संभव हो सके तो व्रत करना चाहिए। यदि आप इस दिन व्रत नहीं रख सकते तो इस दिन आप पवित्र आचरण रखें, सात्विक व पवित्र भोजन करें, छल- कपट- लोभ- काम- अहंकार जैसे विकारों से दूर रहें और अधिक से अधिक मौन का पालन करें, कम बोलें, भगवान नाम का जप करें।

### निर्जला एकादशी पूजा विधि-

पंडित रवि दत्त शास्त्री नें बताया की निर्जला एकादशी व्रत से एक दिन पहले ही संयम-नियम का पालन करना चाहिए और सात्विक भोजन करना चाहिए।यदि दो दिन एकादशी पड़े तो पहले दिन की एकादशी के दिन भी तामसिक भोजन जैसे लहसुन प्याज व चावल इत्यादि का सेवन नहीं करना चाहिए। निर्जला एकादशी के दिन सुबह जल्दी उठकर स्नान आदि कर स्वच्छ कपड़े पहनने के बाद व्रत का संकल्प करना चाहिए। यदि आप अस्वस्थ है और बिना कुछ खाए पिए व जल के बिना नहीं रह सकते तो आप दिन में फल, फ्रूट, दूध इत्यादि ग्रहण कर सकते हैं। भगवान विष्णु का गंगा जल से अभिषेक करने के बाद फल- फूल और तुलसी पत्र चढ़ाना चाहिए। भगवान को सात्विक चीजों का भोग तुलसी दल के साथ लगाना चाहिए। बाद में आरती करनी चाहिए और निर्जला एकादशी व्रत कथा पढ़नी या सुननी चाहिए। इस दिन भगवान विष्णु के साथ ही माता लक्ष्मी की पूजा जरूर करनी चाहिए। कथा - पाण्डवों में भीमसेन शारीरिक शक्ति में सबसे बढ़-चढ़कर थे। वे जन्मजात शक्तिशाली तो थे ही, नागलोक में जाकर वहाँ के दस कुण्डों का रस पी लेने से उनमें दस हजार हाथियों के समान शक्ति हो गयी थी। इस रसपान के प्रभाव से उनकी भोजन पचाने की क्षमता और भूख भी बढ़ गयी थी। सभी पाण्डव तथा द्रौपदी एकादशियों का व्रत करते थे परन्तु भीम के लिये एकादशी व्रत दुष्कर थे।

**इस बार दो तिथियां**

एकादशी तिथि प्रारंभ 5 जून दिन गुरूवार को देर रात 2 बजकर 17 मिनट पर। एकादशी तिथि समाप्त दिनांक दिन शुक्रवार को देर रात तड़के 4 बजकर 49 मिनट पर (सूर्योदय से पहले, सूर्योदय का समय प्रातः 5 बजकर 14 मिनट पर ) एकादशी व्रत-उपवास दिनांक 6 जून दिन शुक्रवार को सबका (निर्जला एकादशी, भीमसेनी एकादशी), है।

**पर्यावरण दिवस पर पौधरोपण का आयोजित ।** ढांड बाबू अनंतराम जनता कॉलेज, कौल में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना (ठरर) इकाई द्वारा एक भव्य पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम कॉलेज के प्राचार्य डॉ. ऋषिपाल के मार्गदर्शन एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सोनिया के नेतृत्व में संपन्न हुआ।

**सूचना**

मैं, रानी मंजू सिधु पत्नी कुंवर जगबीर सिंह सिधु निवासी राजा की कोठी, जींद, तहसील व जिला जींद बयान करती हूं कि मेरी पुत्री जीनिया बीर सिधु मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**न्यायालय तहसीलदार-कम-सब रजिस्ट्रार साहिब जींद**
**मैं गंगा राम वर्मा पुत्र स्व. देबी सिंह निवासी संत नगर जीन्द जिला जीन्द**
**बनाम जनरल पब्लिक**

इस इश्तहार के माध्यम से हर जाम व खास को सूचित किया जाता है कि मेरे पिता स्व. देबी सिंह पुत्र श्री मातू राम का स्वर्गवास दिनांक 09.06.1987 को हो चुका है। मेरी मां श्रीमती चन्द्रावली पत्नी स्व. देबी सिंह का स्वर्गवास दिसम्बर 1942 को हो चुका है।
3. यह कि स्व. देबी सिंह पुत्र श्री मातू राम के निम्नलिखित कानून वारसान है जो इस प्रकार हैः-
1. गंगा राम वर्मा पुत्र
उक्त के अलावा स्व.देबी सिंह पुत्र श्री मातू राम के अन्य कोई वारिश/उत्तराधिकारी नहीं है। जिसके संबंध में प्रार्थी ने शपथ पत्र भी प्रस्तुत किया है। इसके लिए हर आम व खास को इस इस्तहार /नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उपरोक्त मृतक के बताये गये वारिश/उत्तराधिकारी के बाबत कोई शक व एतराज हो तो वह स्वंय अभिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 30 दिन के अन्दर अन्दर इस कार्यालय में कार्य दिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है ।
यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 05.06.2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया है।
**हस्ता/-सब रजिस्ट्रार साहिब जीन्द।**

## राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया

# भाषण प्रतियोगिता में भावना प्रथम, रमनजोत द्वितीय, अमरीक सोमनाथ तृतीय

■ सभी को मिलकर करना होगा पर्यावरण संरक्षण : संजय मुदगिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल





**कैथल।** संजय मुदगिल तथा सतीश मच्छाल विद्यार्थियों को सम्मानित करते व प्रतियोगिता में भाग लेते विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता विभाग हरियाणा द्वारा युवा मामलों के तहत युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के मार्गदर्शन में खंड कैथल व खंड सीवन के यूथ क्लब के युवाओं को जागरूक करने के अभियान के तहत आज राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान कैथल में विश्व पर्यावरण दिवस 2025 मनाया गया। सेमिनार की अध्यक्षता रा. बहुतकनीकी शेरगढ़ के प्राचार्य संजय मुदगिल ने की तथा अध्यक्षता जिला युवा समन्वयक अधिकारी एवं प्रधानाचार्य राजकीय आईटीआई कैथल सतीश मच्छाल तथा राजकीय आईटीआई महिला कैथल के प्राचार्य सुरेंद्र गिल ने की। उन्होंने कहा कि पूरे विश्व में हिंदुस्तान एक ऐसा देश है जो युवाओं की संख्या के हिसाब से युवा देश कहलाता है और युवाओं की विकसित भारत में अहम भूमिका होती है। पर्यावरण के क्षेत्र में भी नौजवानों को बदलते क्लाइमेट, प्लास्टिक के दुष्प्रभाव आदि के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए अहम भूमिका निभानी होगी क्योंकि जब पर्यावरण स्वच्छ होगा तभी हमारा स्वास्थ्य और रहन-सहन भी अच्छा होगा। पर्यावरण जागरूकता अभियान के तहत 30 मई से 5 जून तक खंड कैथल व खंड सीवन में पर्यावरण जागरूकता पखवाड़े के तहत विभिन्न प्रतिस्पर्धा में विजेता युवाओं को प्रमाण पत्र व इनाम दिए गए। इनमें खंड सीवन से भाषण प्रतियोगिता में प्रथम भावना, द्वितीय रमनजोत, तृतीय अमरीक सोमनाथ रहे। निबंध प्रतियोगिता में प्रथम पूजा, द्वितीय अमरीक सोमनाथ, तृतिय रमनजोत रही। इसी प्रकार खंड कैथल से भाषण प्रतियोगिता में रुबी प्रथम, खुशी द्वितीय व शारदा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निबंध लेखन में गीता ने प्रथम, मनीषा ने द्वितीय तथा रितु ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का मंच संचालन रणधीर डांडा द्वारा किया गया। निर्णायक मंडल में ईंदु सारण, विजेता कुंडू तथा राहुल चौहान रहै। खंड कैथल के युवा समन्वयक अधिकारी शमशेर सिंह मलिक, संजय वर्मा, मीनाक्षी, अनिल ढुल, सुदेश कुमारी, दिनेश, सतीश सैनी, वर्ग अनुदेशक राजवीर, गुरां दत्ता, दिनेश कुमार, नवीन कालिया, प्रदीप मैहला, रमन कुमार, संदीप आादि उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### पौधे केवल हरियाली नहीं, जीवन का आधार

**पूंडरी।** विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में पूंडरी नगरपालिका परिसर में दर्जनों पौधे रोपित किए गए। इस अवसर पर नगरपालिका सचिव नरेश कुमार, एसआई वीरेंद्र कुमार और पालिका समन्वयक मुकेश विशेष रूप से मौजूद रहे। सभी अधिकारियों ने स्वंय हाथों में कुदाल और पानी की बाल्टी लेकर पर्यावरण संरक्षण में भागीदारी निभाई। सचिव नरेश कुमार ने इस अवसर पर कहा कि पेड़-पौधे केवल हरियाली नहीं, बल्कि जीवन का आधार हैं। पर्यावरण दिवस हमें यह याद दिलाता है कि प्रकृति केवल उपयोग की वस्तु नहीं, बल्कि संरक्षण की जिम्मेदारी है। हमें यह संकल्प लेना चाहिए कि हम हर साल नहीं, हर दिन पेड़ लगाएंगे, जल बचाएंगे और स्वच्छता को अपनाएंगे।

### नृत्य और लोक गायन कार्यशाला का आगाज

**जुलाना।** जुलाना कस्बे के पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ट माध्यमिक विधालय में उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र पटियाला के बैनर तले एक 15 दिवसीय लोक नृत्य व लोक गायन की कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। जुलाना नगरपालिका के चेयरमैन डॉ संजय जांगड़ा ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। कार्यशाला में उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र पटियाला की ओर से मुख्य प्रशिक्षक रितु शर्मा लगभग 80 बच्चे को लोक नृत्य व लोक गायन का प्रशिक्षण देंगे। डा संजय जांगड़ा ने कहा कि कार्यशाला का मुख्य उदेश्य बच्चो को हरियाणा की लोक कला संस्कृति से रूबरू करवाना है। इस कार्यशाला में बच्चे हरियाणवी लोक नृत्य घूमर, फॉक, खोडिया, रसिया जैसे कई लोक नृत्यों का प्रशिक्षण लेंगे कार्यशाला के अंतिम दिन एक कार्यक्रम भी स्कूल में किया जायेगा।



### प्रधानाचार्य ने पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**कलायत।** विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर राजकीय आईटीआई कलायत द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। संस्थान प्रधानाचार्य भूपेन्द्र पाल सिंह की अगुवाई में स्टाफ और विद्यार्थियों ने पौधारोपण किया। प्रधानाचार्य ने अपने संदेश में स्वच्छ पर्यावरण पर ज्यादा से ज्यादा पौधारोपण व प्लास्टिक का इस्तेमाल न करने को प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि यह जरूरी है कि जितने भी पौधे लगाए जाएं उनकी देखरेख समुचित रूप से होगा। ताकि हर पौधा समय के साथ वृक्ष बनकर पर्यावरण संरक्षण का काम करे। इस दौरान संस्थान में लगभग 150 पौधे लगाये गए। इसमें शीशम, सहतुत अमरूदम, आंवला व फूलों की बहुत सारी किस्में शामिल रही। प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण पर जागरूकता अभियान, स्वच्छता अभियान, पोस्टर मेकिंग व निबंध लेखन जैसी गतिविधियां की गई।

---

पौधे रोपित कर उनका पेड़ बनने तक ख्याल रखने की ली शपथ

# विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधे रोपित कर धरा को हरा-भरा बनाने की कवायद

## विश्व पर्यावरण दिवस की सार्थकता तब, जब हम पौधों का करेंगे ख्याल : डा. सुमन कोहली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



नागरिक अस्पताल में पौधरोपण करते हुए सीएमओ डा. सुमन कोहली।

जिलाभर में वीरवार को विश्व पर्यावरण दिवस पर हजारों की संख्या में पौधे रोपित किए गए। जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल में विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता सीएमओ डा. सुमन कोहली ने की। कार्यक्रम में डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला, डिप्टी सीएमओ डा. पालेराम कटारिया, एमएस डा. अरविंद, डिप्टी सीएमओ डा. रमेश पांचाल, डा. रवि राणा, मैट्रन बाला सहित अन्य स्टाफ स्वास्थ्यकर्मियों ने पौधारोपण किया। सीएमओ डा. सुमन कोहली ने कहा कि पर्यावरण को बचाने के लिए पॉलीथिन का प्रयोग नहीं करना चाहिए। पॉलीथिन से पर्यावरण के साथ-साथ जमीन भी दुषित होती है। ऐसे में हमारी प्रकृति की सुंदरता पेड़-पौधों पर निर्भर है। मनुष्य के जीवन में पेड़ों का महत्व जल बिन मछली जैसा है। पेड़ों से हमें छाया, मीठे फल, औषधि, लकडियां प्राप्त होती है। पेड़-पौधे हमें प्राकृतिक आपदाओं से बचाते हैं। मनुष्य कार्बन-डाइ-ऑक्साइड छोड़ते है, जो पौधे सोख लेते हैं। जितने अधिक पेड़-पौधे होंगे उतना वातावरण में ऑक्सीजन का निवास होगा। पेड़ो को संरक्षित करने के लिए जनजागरण व जनसहयोग की आवयश्कता है। डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला, डिप्टी सीएमओ डा. पालेराम कटारिया ने कहा कि पौधा लगाने से काम समाप्त नहीं हो जाता। जब तक पौधा पेड़ का रूप नहीं ले लेता, तब तक उसकी देखभाल जरूरी है। उन्होंने कहा कि पौधा रोपण करके पर्यावरण को शुद्ध बनाया जा सकता है, इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को चाहिए कि वह पौधा रोपण करके पर्यावरण को शुद्ध बनाने में योगदान दे। डा. रमेश पांचाल, डा. रवि राणा ने कहा कि पर्यावरण को शुद्ध बनाकर बीमारियों से छुटकारा पाया जा सकता है। आज पर्यावरण प्रदूषण बढ़ता जा रहा है, जिसके चलते हर वर्ग के लोगों को सांस लेने में परेशानी हो रही है। प्रत्येक व्यक्ति को चाहिए कि वह एक-एक पौधा अवश्य लगाएं।

### चिकित्सक परिवार ने किया पौधरोपण



विश्व पर्यावरण दिवस पर नागरिक अस्पताल के डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने अपनी पत्नी सीमा भोला व बेटे कार्तिक भोला के साथ मिल कर पौधारोपण किया। चिकित्सक परिवार से आमजन से आह्वान किया कि अधिक से अधिक पौधे लगा कर पर्यावरण को शुद्ध बनाने में अपना सहयोग दें। बढ़ते हुए तापमान का कारण जंगलों और पेड़, पौधों की कमी है। इसलिए हमें अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए। पेड़ों की अधिकता ही तापमान व वर्षा मानकों को संतुलित रखने का एकमात्र उपाय है। सीमा भोला व कार्तिक भोला ने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग से पर्यावरण का संतुलन दिन-प्रतिदिन बिगड़ रहा है। अत्यधिक गर्मी, सर्दी, पर्यावरण के असंतुलन का ही परिणाम है। इसके साथ ही बेमौसमी बारिश पर्यावरण असंतुलन का हिस्सा है।

### पौधे लगाकर मनाया पर्यावरण दिवस

युवा विकास समिति द्वारा वीरवार को पर्यावरण दिवस के उपलक्ष में कई स्थानों पर पेड़ व पौधे लगाए। युवा विकास समिति जींद के अध्यक्ष और जिला युवा पुरस्कार विजेता प्रदीप रेढू ने बताया कि समिति लगातार पर्यावरण को बढ़ावा दे रही है। समय-समय पर पेड़.पौधे लगाकर नौजवानों को जागरूक कर रही है। हमें ज्यादा से ज्यादा पेड़ पौधे लगाने चाहिए। क्योंकि पेड़ पौधे हमें ऑक्सीजन की प्राप्ति होती हैं।



सीएचसी कंडेला में पौधे रोपित करते हुए स्वास्थ्य कर्मी।

### एक पेड़ मां के नाम लगाया

विश्व पर्यावरण दिवस पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कंडेला की स्वास्थ्य टीम ने एक पेड़ मां के नाम लगा कर पर्यावरण संरक्षण में योगदान दिया। सीएचसी कंडेला के वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डा. कुलदीप सिंह के नेतृत्व में स्वास्थ्य टीम ने एक पेड़ मां के नाम व एक त्रिवेणी के साथ 51 छायादार, फलदार, पेड़ लगा कर विश्व पर्यावरण दिवस मनाया। डा. कुलदीप सिंह ने सभी आउटसोर्सिंग स्टॉफ को एक-एक पेड़ गोद दिया ताकि लगाए गए सभी पेड़ों की समय पर देखभाल व परवरिश हो सकें।

### पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित



राजकीय पीजी कालेज जींद की एनएसएस एवं एनसीसी यूनिट द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर प्राचार्य सत्यवान मलिक की अध्यक्षता में पौधा रोपण किया गया। इस वर्ष विश्व पर्यावरण दिवस की थीम प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त करना रखी गई है। प्राचार्य ने एनसीसी और एनएसएस स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि समाज को जागरूक करने में एनएसएस और एनसीसी स्वयंसेवकों का विशेष योगदान रहा है। स्वयंसेवक पर्यावरण संरक्षण की इस मुहिम को स्वयं तक सीमित नहीं रखें बल्कि अपने आस पड़ोस गांव और शहर में सभी को अधिक से अधिक पौधारोपण के लिए प्रेरित करें।

---

# ग्रीष्मकालीन शिविर में पर्यावरण दिवस की अनूठी और प्रेरणादायक प्रस्तुति दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद




**जींद।** समर कैंप गतिविधियों में भाग लेते हुए बच्चे।

मोतीलाल नेहरू पब्लिक स्कूल में ग्रीष्मकालीन शिविर के चौथे दिन की शुरुआत अत्यंत उत्साह और सकारात्मक ऊर्जा के साथ हुई। दिन की आरंभिक गतिविधियां योग और नृत्य अभ्यास से हुई। जिनमें विद्यालय के प्रशिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों को विभिन्न योग मुद्राओं का अभ्यास कराया गया।

योग सत्र के दौरान बच्चों ने ताड़ासन, वृक्षासन, भुजंगासन, प्राणायाम एवं ध्यान जैसी मुद्राओं का अभ्यास किया। जिससे उनमें शारीरिक लचीलापन, मानसिक संतुलन और अनुशासन का विकास हुआ। योग सत्र के पश्चात बच्चों ने नृत्य सत्र में भाग लियाए जिसमें उन्होंने प्रकृति और पर्यावरण आधारित गीतों पर समूह नृत्य प्रस्तुत किए। इस रचनात्मक गतिविधि ने बच्चों की कलात्मक प्रतिभा को उजागर किया और उन्हें मंच पर प्रदर्शन करने का आत्मविश्वास भी प्रदान किया। इसी दिन विद्यालय में विश्व पर्यावरण दिवस भी विशेष रूप से मनाया गया। विद्यालय परिसर को हरियाली और सजावटी वस्तुओं से सजाया गया था। विद्यार्थियों, शिक्षकों और स्टाफ सदस्यों ने हरे रंग के वस्त्र पहनकर प्रकृति प्रेम और पर्यावरण के प्रति अपने समर्पण का परिचय दिया। सभी छात्र व छात्राएं अपने साथ घर से बना गृहनिर्मित शुद्ध और स्वास्थ्यवर्धक भोजन लेकर आए। जिससे जंक फूडमुक्त जीवन और सुरक्षित पर्यावरण के संदेश को बल मिला। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय प्रबंधन एवं अध्यापकगणों ने विद्यार्थियों को वृक्षारोपण की महत्ता बताई। बच्चों को पेड़ व पौधे उगाने की प्रक्रिया, बीज बोने, मिट्टी की तैयारी, जल देना, गड्ढा खोदना, गीली खाद का प्रयोग आदि की व्यावहारिक जानकारी दी गई। कई बच्चों ने अपने हाथों से पौधे लगाए और उनके संरक्षण का संकल्प लिया। एक शैक्षिक सत्र का आयोजन किया गया। जिसमें बताया गया कि पर्यावरण संरक्षण क्यों आवश्यक है। जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण, प्लास्टिक निषेध और पुनर्चक्रण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर बच्चों को सरल भाषा में समझाया गया। विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में विद्यार्थियों ने एक प्रेरणादायक नाट्य प्रस्तुति बीज का अंकुरण पर मंचन किया। इस नाटक के माध्यम से बच्चों ने यह संदेश दिया कि वृक्ष हमारे सबसे बड़े मित्र हैं।

# आमजन प्लास्टिक मुक्त सोच अपनाएं और हरियाली का संदेश फैलाएं : सतपाल जांबा

## गांव जांबा में मनाया विश्व पर्यावरण दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी




**पूंडरी।** विधायक सतपाल जांबा पौधरोपण करते हुए।

विश्व पर्यावरण दिवस 2025 के उपलक्ष्य पर वीरवार को गांव जांबा में जैव विविधता बोर्ड की तरफ से कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसकी शुरूआत गांव में विधायक सतपाल जांबा द्वारा पौधारोपण करके की। इसके बाद गांव के सरपंच लाभ सिंह ने स्कूल में, गांव के रास्ते पर भी पौधे लगाएं।

विधायक सतपाल जांबा ने कहा कि हमें सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करके तथा अपनी उपभोग की आदतों में परिवर्तन करके एक स्वस्थ एवं प्लास्टिक मुक्त पर्यावरण की दिशा में कदम बढ़ाना चाहिए। हर बार जब हम प्लास्टिक से परहेज करते हैं तो धरती को सांस लेने का एक और मौका देते हैं। हमें अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए ताकि पर्यावरण शुद्ध रहे और ऑक्सीजन की मात्रा में ज्यादा से ज्यादा बढ़ोतरी हो। सभी आमजन प्लास्टिक मुक्त सोच अपनाएं और हरियाली का संदेश फैलाएं। पर्यावरण दिवस थीम प्लास्टिक मुक्त विश्व को लेकर जिला समन्वयक रेखा लौहान ने लोगों को कम से कम प्लास्टिक बैग का प्रयोग करने का संदेश दिया। पंचायत द्वारा गांव के खुले नालों की सफाई करवाई गई है ताकि बरसात में समस्या न आए। इसमें वन विभाग से पवन कुमार, बृजलाल, ग्राम सचिव प्रवीण कुमार, कर्म सिंह व अन्य लोग भी शामिल हुए।



**जींद।** पौधे रोपते हुए भाजपा नेता।

### पर्यावरण की शुद्धि के लिए भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं ने लगाए पौधे

**जींद।** वीरवार को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जुलाना के जनस्वास्थ्य विभाग के प्रांगण में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान लोगों को पर्यावरण की शुद्धि के लिए पौधे लगाने के लिए व प्रदूषण न फैलाने के लिए जागरूक किया गया। इस दौरान कैप्टन योगेश बैरागी व डा. पुष्पा तायल द्वारा बुक्का देकर मुख्यातिथियों का स्वागत किया गया। इस मौके पर मुख्यतिथियों द्वारा पौधारोपण किया गया। इस मौके पर प्रमुख तौर पर संजीव गंगवा, कर्ण बेदी, कैप्टन योगेश बैरागी, डा. पुष्पा तायल, सुखदीप बुआना, विष्णु दत, प्रदीप मालवी, सतीश सांगवान, एडवोकेट सुरेन्द्र खटकड़, सतीश शर्मा, आशीष तायल, यशवंत करसोला, अंतिमा भारद्धाज, कृष्णा लाठर, सुरेन्द्र सिंहमार सहित सैंकड़ों कार्यकर्ता व गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# 75 वर्ष पुराने पेड़ बचाओ, पेंशन पाओ योजना है हरियाणा सरकार की अनोखी पहल : पवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद




**जींद।** पौधों की पूजा करते हुए।

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर हरियाणा सरकार की प्राणवायु देवता पेंशन योजना के तहत जिला में विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा के मार्गदर्शन एवं हरियाणा सरकार के निर्देशों के अनुसार वन मंडल अधिकारी पवन ग्रोवर की देखरेख में कार्यक्रम जींद रेंज के गांव पोंकरीखेड़ी स्थित पुष्कर तीर्थ मंदिर परिसर में संपन्न हुआ।

इस अवसर पर चिन्हित सभी वृद्ध वृक्षों की विधिपूर्वक पूजा की गई। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को पर्यावरण संरक्षण और प्रकृति के महत्व के प्रति जागरूक करना था। हरियाणा राज्य जैव विविधता बोर्ड के जिला समन्वयक विष्णु कुमार बागड़ी ने कहा कि बढ़ते प्रदूषण, ग्लोबल वॉर्मिंग और जलवायु परिवर्तन जैसी समस्याएं आज हमारे अस्तित्व के लिए गंभीर चुनौती बन चुकी हैं। ऐसे समय में केवल चर्चा करना पर्याप्त नही है बल्कि प्रत्येक नागरिक को छोटे-छोटे कदम उठा कर बड़ा परिवर्तन लाने की आवश्यकता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि इस पर्यावरण दिवस पर हम सभी को कम से कम पांच पेड़ लगाने और उनकी देखभाल करने का संकल्प लेना चाहिए ताकि धरती को फिर से हराभरा और स्वच्छ बनाया जा सके।



### नप चेयरमैन ने 'एक पौधा मां के नाम' अभियान के तहत किया पौधरोपण

**जुलाना।** राजकीय स्कूल में एक पौधा मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में नगरपालिका के चेयरमैन डा. संजय जांगड़ा ने शिरकत की। कार्यक्रम के तहत स्कूल और आस पास लगभग 300 पौधे लगाए गए। लोगों को संबोधित करते हुए चेयरमैन डा. संजय जांगड़ा ने कहा कि बढ़ते प्रदूषण को रोकने के लिए अधिक से अधिक पौधारोपण करना ही एक मात्र उपाय है। यह सिर्फ एक दिन का नहीं बल्कि हर दिन का अभियान हैए हमें सिर्फ पौधारोपण ही नहीं करना बल्कि पौधों की देखभाल भी बच्चे की तरह करनी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आह्वान श्एक पेड़ मां के नामश अब महाअभियान का रूप ले चुका हैए इसका असर पर्यावरण संरक्षण के रूप में हम सबको दिखेगा। विश्व पर्यावरण दिवस पर आरोग्यम फाउंडेशन ने किया पौधारोपण एसएम इंटरनेशनल स्कूल में विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर पौधारोपण किया गया।

---

## नगर पार्षद जवाबदेही और आपसी तालमेल के साथ निभाएं सच्चे जनप्रतिनिधि की भूमिका : बेदी

# शहर में सफाई व्यवस्था व विकास कार्यों के लिए बनाई जाएं सब कमेटियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना



**नरवाना।** बैठक में दिशा-निर्देश देते हुए मंत्री बेदी।

हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि नगर परिषद द्वारा शहर में विकास परियोजनाओं को समुचित तरीके से क्रियान्वयन करने के लिए नगर पार्षदों की सब कमेटियां गठित की जाए। इनमें सफाई, भवन एवं वर्क्सए वित्तए हाउस टैक्स कलेक्शन तथा किराया वसूली के लिए अलग.अलग पांच सब कमेटियां होनी चाहिए।

इनमें नगर परिषद अधिकारियों सहित चेयरपर्सन तथा नगर पार्षदों को शामिल किया जाए। कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी लघु सचिवालय स्थित सभागार में मानसून सीजन तथा विकास कार्यों को लेकर नगर परिषद की बैठक में आवश्यक दिशा निर्देश दे रहे थे। बैठक में डीएमसी सुरेंद्र दूनए एसडीएम जगदीश चंद्रए डीएसपी अमित भाटियाए नगर परिषद चेयरपर्सन मुकेश विशाल मिर्धाए उप प्रधान शशिकांत शर्मा विशेष रूप से मौजूद रहे। कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने हाउस की बैठक में बोलते हुए कहा कि बरसाती सीजन के मद्देनजर शहर की सफाई व्यवस्था परिषद अधिकारियों तथा सभी नगर पार्षदों के लिए मुख्य प्राथमिकता होनी चाहिए और सफाई कार्य को पूरी गंभीरता से लेना चाहिए। उक्त कमेटियों के गठन से शहर में सफाई सहित अन्य विकास कार्यों में तेजी आएगी और धरातल पर उनके सुखद परिणाम मिलेंगे। कमेटियों के गठन से पार्षदों की जवाबदेही तय होगी और नगर परिषद अधिकारियों, नगर पार्षदों तथा शहर वासियों में परस्पर विश्वास भी बढेगा। कैबिनेट मंत्री ने नगर परिषद अधिकारियों द्वारा प्रस्तुत एजेंडा को भी नगर पार्षदों की सर्व सहमति से पास करवाया।कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने नगर पार्षदों से कहा कि वे आपसी तालमेल के साथ कार्य करें और सच्चे जनप्रतिनिधि का दायित्व निभाएं। बैठक में ईओ नगर परिषद रविंद्र कुमार, एक्सईएन सतीश गर्ग, सहित नगर पार्षद मौजूद रहे।

### करीब 24 लाख का एस्टीमेट बनाया

मंत्री ने बताया कि इन विकास कार्यों में शहर में करीब 15 किलोमीटर लम्बा नाला की सफाई करवाना मुख्य रूप से शामिल है। इसके लिए करीब 24 लाख रुपये का एस्टीमेट बनाया गया है। जिसके तहत तीन ट्रैक्टर ट्रालियों और 30 अतिरिक्त सफाई कर्मचारियों को नियमित रूप से सफाई कार्य करवाया जाना है। दूसरा शहर में घूम रहे बेसहारा पशुओं की टैगिंग कर समीपवर्ती गौशालाओं या नंदी शालाओं में छुड़वाने के लिए एजेंसी को टेंडर देना है। इसके अलावा रात्रि के दौरान सभी गलियों तथा डोर टू डोर सफाई करवाना और बकाया हाउस टैक्स तथा नगर परिषद की दुकानों या अन्य सार्वजनिक भवनों का किराया वसूली में भी तेजी लाना है। इससे नगर परिषद की वित्तीय स्थिति सुधरेगी और विकास कार्य करवाने में मदद मिलेगी। बैठक में रखे सभी एजेंडों की मंजूरी पर कैबिनेट मंत्री की मौजूदगी में बैठक में आए सभी 23 नगर पार्षदों ने एक सुर में सर्व सहमति जताई।

### ऑक्सीजन हमारे जीवन के लिए बहुत ही जरूरी : शर्मा

**राजौंद।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजौंद में डॉक्टर कीर्ति शर्मा की अध्यक्षता में पर्यावरण दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम में नगरपालिका राजौंद से आए हुए नगरपालिका सचिव नरेन्द्र शर्मा व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजौंद से डॉ रोहित नैन ने अस्पताल परिसर में पौधरोपण किया। नगरपालिका सचिव व डॉ रोहित ने लोगों को पर्यावरण को साफ सुथरा रखने के महत्व के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि पौधे हमें आक्सीजन, छाया व फल देते हैं। आक्सीजन हमारे जीवन के लिए बहुत ही जरूरी है। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में पौधे लगाने चाहिएं ताकि हमारा व पशु पक्षियों को जीवन अच्छा व्यतीत हो और हम बीमार न हों। इस दौरान जितेन्द्र सिंह, होशियार सिंह, रामकुमार, अमीन खान, सतबीर सिंह तथा प्रदीप कुमार,कुलविंद्र कौर आदि उपस्थित रहे।